NNI
हर खबर पर पक्की नजर

मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# न्यूज नेक्स्ट इण्डिया

सत्यता व निष्पक्षता का पंचम वर्ष

www.nnindianews.com

वर्ष:05, अंक:-134, पृष्ठ: 12 | गुरुवार, 20 नवंबर, 2025 | मूल्य- 03.00 रुपये मात्र

# बिहार में 10वीं बार नीतीश राज

## 26 मंत्रियों ने भी ली शपथ ; भाजपा के 14, जदयू के 8, चिराग के 2 मंत्री; एक मुस्लिम चेहरा भी

**पटना।** बिहार के सबसे लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहने वाले जनता दल (यूनाइटेड) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार ने गुरुवार को 10वीं बार राज्य के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में आयोजित भव्य समारोह में राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने नीतीश कुमार को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। 74 वर्षीय नीतीश कुमार पहली बार साल 2000 में मुख्यमंत्री बने थे, हालांकि उस समय उनकी सरकार सिर्फ 8 दिन ही चल पाई थी। इसके बाद 2005 से 2014 तक वे लगातार मुख्यमंत्री रहे। 2014 के लोकसभा चुनाव में पार्टी के खराब प्रदर्शन के बाद नीतीश कुमार ने इस्तीफा दे दिया था, लेकिन कुछ महीनों बाद फिर सत्ता में वापसी की।



नीतीश ने इससे पहले आखिरी बार जनवरी 2024 में मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी, जब उन्होंने और उनकी पार्टी ने ठऊ में वापसी की थी।

**सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा बने डिप्टी सीएम**

बता दें कि इस मौके पर बीजेपी नेता सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा ने उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली। सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा पिछली सरकार में भी उपमुख्यमंत्री के पद पर ही थे।

## इन्होंने ली मंत्री पद की शपथ

राज्यपाल के आदेश पर सम्राट चौधरी, विजय सिन्हा, विजय चौधरी, विजेंद्र प्रसाद यादव, श्रवण कुमार, मंगल पांडेय, डॉ दिलीप जायसवाल, अशोक चौधरी, लेशी सिंह, मदन सहनी, नितिन नवीन, रामकृपाल यादव, संतोष सुमन, सुनील कुमार, जमा खान, संजय सिंह टाइगर, अरुण शंकर प्रसाद, सुरेंद्र मेहता, नारायण प्रसाद, रमा निषाद, लखेंद्र कुमार रोशन, श्रेयसी सिंह, प्रमोद कुमार, संजय कुमार सिंह, दीपक प्रकाश को मंत्री बनाया गया।

## पीएम मोदी ने मंच पर लहराया गमछा



शपथ ग्रहण समारोह समाप्त होने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अनोखा अंदाज देखने को मिला। वे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का हाथ थामकर मंच के आगे की ओर बढ़े। इसके बाद पीएम मोदी ने पांच बार झुककर जनता का अभिवादन किया। फिर जनता की ओर मुड़कर अपना गमछा लहराया। चुनाव प्रचार के दौरान भी प्रधानमंत्री मोदी कई बार ऐसा कर चुके हैं।

सुप्रीम कोर्ट का फैसला

# बिलों को मंजूरी की टाइमलाइन तय नहीं कर सकती अदालत

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट गुरुवार को राष्ट्रपति के उस संदर्भ पर अपना फैसला सुनाया है, जिसमें पूछा गया था कि क्या कोई सांविधानिक अदालत, राज्य विधानसभाओं से पारित विधेयकों को मंजूरी देने के लिए राज्यपालों और राष्ट्रपति के लिए समय-सीमा तय कर सकती है। इस मामले में मुख्य न्यायाधीश जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस एएस चंदुरकर की संविधान पीठ ने 10 दिनों तक दलीलें सुनीं और 11 सितंबर को फैसला सुरक्षित रख लिया था।



सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि राष्ट्रपति और राज्यपाल को राज्य विधानसभा से पारित विधेयकों पर अनुमोदन देने के लिए न्यायपालिका कोई समयसीमा तय नहीं कर सकती। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई की अगुवाई वाली संविधान पीठ ने राष्ट्रपति की तरफ से अनुच्छेद 143 के तहत भेजे गए 14 संवैधानिक प्रश्नों पर अपनी राय देते हुए कहा कि यह विषय संवैधानिक पदाधिकारियों के विवेक और संघीय ढांचे की मर्यादा से जुड़ा है। अदालत ने माना कि विधायी प्रक्रिया में राष्ट्रपति और राज्यपाल की भूमिका 'संवैधानिक कर्तव्य' है, पर न्यायिक हस्तक्षेप के जरिए इसकी समय सीमा तय नहीं की जा सकती। इसके साथ ही कोर्ट ने यह भी रेखांकित किया कि अत्यधिक देरी लोकतांत्रिक शासन की आत्मा को क्षति पहुंचाती है, इसलिए इन पदों से अपेक्षा है कि वे उचित समय के भीतर निर्णय लें।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मई में संविधान के अनुच्छेद 143(1) के तहत सुप्रीम कोर्ट से राय मांगी थी। उन्होंने पूछा था कि क्या न्यायालय यह तय कर सकता है कि राष्ट्रपति या राज्यपाल को बिलों पर कब तक निर्णय लेना चाहिए।

## सपा विधायक सुधाकर सिंह का लखनऊ में निधन

**लखनऊ।** मऊ जिले की चर्चित घोसी विधानसभा सीट से समाजवादी पार्टी (सपा) के विधायक सुधाकर सिंह का लखनऊ के मेदांता अस्पताल में निधन हो गया। उनके निधन से राजनीतिक गलियारों में शोक की लहर दौड़ गई है। उनके बेटे डॉक्टर सुजीत सिंह ने पिता के निधन की पुष्टि की।

67 साल की उम्र में सुधाकर सिंह का निधन हुआ। शुरूआती जानकारी मिली है कि 17 नवंबर को दिल्ली में मुख्तार अंसारी के छोटे बेटे उमर अंसारी के रिसेप्शन से लौटने के बाद उनकी तबीयत खराब हो गई थी। इसके बाद उन्हें मंगलवार को इलाज के लिए लखनऊ ले जाया गया था। लखनऊ के मेदांता अस्पताल में गुरुवार सुबह उन्होंने अस्पताल में अंतिम सांस ली। उनके बेटे सुजीत सिंह ने बताया कि विधायक सुधाकर सिंह की तबीयत पिछले कुछ दिनों से खराब चल रही थी। स्वास्थ्य में गंभीर गिरावट आने के बाद उन्हें मंगलवार को इलाज के लिए लखनऊ ले जाया गया था। मेदांता अस्पताल में डॉक्टरों की टीम उनकी देखरेख कर रही थी, लेकिन इलाज के दौरान उनका निधन हो गया। उनके बेटे सुजीत सिंह ने बताया कि विधायक सुधाकर सिंह को हार्ट की समस्या थी। 2022 में पेसमेकर लगा था।



# कलश यात्रा के साथ आज से अयोध्या में ध्वजारोहण महोत्सव



**अयोध्या।** मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की नगरी आज से एक और भव्य, आध्यात्मिक और गौरवशाली उत्सव की साक्षी बनने जा रही है। कलश यात्रा के साथ बृहस्पतिवार से ध्वजारोहण महोत्सव का शंखनाद होगा। ध्वजारोहण के अनुष्ठान का शुभारंभ 21 से होगा। 25 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राम मंदिर के 191 फीट ऊंचे शिखर पर ध्वजारोहण करेंगे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में अयोध्या ध्वजारोहण समारोह के लिए सज कर तैयार हो रही है। समारोह का शुभारंभ मार्गशीर्ष अमावस्या के पावन अवसर पर 20 नवंबर को कलश यात्रा से होगा। इसका समापन 25 नवंबर को विवाह पंचमी के शुभ मुहूर्त में होगा।

धार्मिक और सांस्कृतिक माहौल में डूबी अयोध्या को आकर्षक रोशनी, फूलों और भव्य रंगोलियों से सजाया जा रहा है। हर ओर भक्तों की भीड़ और जयकारों का माहौल है। सुबह-शाम राम धुन और मंत्रोच्चार की गूंज से वातावरण पावन हो उठा है।

राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बुधवार को बताया कि यह आयोजन भारतीय संस्कृति और एकता का भव्य प्रतीक बनने जा रहा है। देशभर के प्रमुख संतों, विद्वानों, राजनेताओं, समाजसेवियों और श्रद्धालुओं को इसमें आमंत्रित किया गया है।

23 से 25 नवंबर तक विशेष कार्यक्रमों की श्रृंखला चलेगी। इसमें सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, लोक नृत्य, संगीतमय आयोजन, छह छोटे मंदिरों और सप्त मंदिरों की विशेष पूजा होगी। कलश यात्रा में 551 से अधिक महिलाएं शामिल होंगी। 151 वैदिक छात्र ध्वज लेकर आगे-आगे चलेंगे। जिलाधिकारी निखिल टीकाराम के अनुसार अयोध्या में सुरक्षा के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं। सीसीटीवी निगरानी, ड्रोन सर्विलांस, ट्रैफिक कंट्रोल और इमरजेंसी रिस्पॉन्स टीम तैनात है।

# जुबानी वार-पलटवार के बीच कल ममदानी से मिलेंगे ट्रंप



**न्यूयॉर्क।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने घोषणा की है कि न्यूयॉर्क सिटी के नवनिर्वाचित मेयर जोहरान ममदानी उनसे शुक्रवार, 21 नवंबर को व्हाइट हाउस के ओवल ऑफिस में मुलाकात करेंगे। ट्रंप ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर पोस्ट कर यह जानकारी दी। ट्रंप ने लिखा, 'कम्युनिस्ट मेयर ऑफ न्यूयॉर्क सिटी, जोहरान 'क्वामे' ममदानी ने मुलाकात का अनुरोध किया है। हम शुक्रवार को ओवल ऑफिस में मिलने पर सहमत हुए हैं। आगे और जानकारी दी जाएगी।'

चुनाव से पहले और बाद में तीखी बयानबाजी

ट्रंप और ममदानी के बीच चुनाव अभियान के दौरान से ही तीखा राजनीतिक टकराव चलता रहा है। ट्रंप ने चुनाव से ठीक पहले कहा था कि ममदानी की जीत न्यूयॉर्क सिटी के लिए 'पूरी तरह आर्थिक और सामाजिक तबाही' साबित होगी। वहीं, जीत के बाद अपने जोशीले भाषण में ममदानी ने ट्रंप पर सीधा निशाना साधते हुए कहा था कि न्यूयॉर्क 'प्रवासी लोगों से चलता है, और अब एक प्रवासी इसे नेतृत्व देगा। उन्होंने ट्रंप को चुनौती देते हुए कहा, 'अगर किसी को ट्रंप को हराना आता है, तो वह वही शहर है जिसने उन्हें जन्म दिया। और अगर किसी तानाशाह को डराना है, तो उसकी सत्ता की बुनियाद को बदल दो। ट्रंप, अगर आप देख रहे हैं, तो वॉल्यूम बढ़ा लीजिए।'

# बंगलूरू में फिल्मी स्टाइल में सात करोड़ लेकर फरार हुए नकली 'आरबीआई अफसर'



**बंगलूरू।** बुधवार दोपहर एक ऐसी घटना घटी, जिसने सबको हैरान कर दिया। पांच से छह बदमाश, खुद को आरबीआई अधिकारी बताकर, एक बख्तरबंद कैश वैन से 7.1 करोड़ रुपये ले उड़े। पूरी वारदात इतनी सलीके से रची गई कि सब कुछ सिर्फ आधे घंटे में पूरा हो गया।

दोपहर करीब 12:30 बजे, सीएमएस इंफो सिस्टम्स की कैश वैन एचडीएफसी बैंक (जेपी नगर) से तीन कैश बॉक्स लेकर 22 किमी दूर एचबीआर लेआउट जा रही थी। अचानक जयनगर के अशोक पिलर के पास एक मारुति जेन कार ने वैन को रोक दिया। इसके साथ ही पीछे से एक इनोवा (एमयूवी) भी आकर रुकी। जेन कार में से तीन लोग उतरे और वैन के कर्मचारियों से बोले- 'हम आरबीआई अधिकारी हैं, आपकी कंपनी पर नियम तोड़ने का आरोप है, बयान लेना है।' इस घटना के दौरान कैश वैन में चार लोग थे- ड्राइवर बिनोद कुमार, कस्टोडियन आफताब और दो गनमैन राजन्ना व तम्मैया। स्टाफ बिना शक किए उनके साथ एमयूवी में बैठ गया और अपनी राइफलें वैन में ही छोड़ दीं।

बड़ी कार में बैठे बदमाशों ने बताया कि पूछताछ के लिए पुलिस स्टेशन जाना होगा और कैश बॉक्स आरबीआई ऑफिस ले जाए जाएंगे। स्टाफ को उन्होंने सिद्धापुर पुलिस स्टेशन की ओर पैदल भेज दिया। ड्राइवर को अलग निर्देश मिला, वह वैन लेकर डेयरी सर्किल फ्लाइओवर पर जाकर इंतजार करे।

इसके बाद डेयरी सर्किल पर ड्राइवर बिनोद इंतजार कर रहा था। तभी कार वहां पहुंची। इस दौरान बदमाशों ने बंदूक दिखाकर कैश बॉक्स वैन से निकाले और पास खड़ी मारुति वैगन-आर में डाल दिए। इसके बाद वे मौके से फरार हो गए। इस दौरान जिस कार में वे लोग आए थे उसे वहीं छोड़ दी। ड्राइवर को कुछ समझ नहीं आया कि अभी जो 'अफसर' थे, वही असल में लुटेरे थे।

## यूक्रेन में रूस ने ताबड़तोड़ मिसाइलें दागीं,ड्रोन से भी किया हमला, 16 लोगों की मौत

**कीव।** यूक्रेन में मंगलवार रात रूसी ड्रोन और मिसाइल हमले में 16 लोगों की मौत हो गई और 37 लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। यह घटना ऐसे समय में हुई है जब यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की रूस पर दबाव बनाने के प्रयासों के तहत तुर्किये में वार्ता करने गए हैं। गृह मंत्री इहोर क्लिमेंको के अनुसार, पश्चिमी यूक्रेन के शहर टेरनोपिल में नौ मंजिला दो अपार्टमेंट ब्लॉक पर रात में हमले हुए। हमले में कम से कम 66 लोग घायल बताए जा रहे हैं, जिनमें 16 बच्चे भी शामिल हैं।

यूक्रेन की वायुसेना ने कहा कि रूस ने रात भर 476 यूक्रेनी ठिकानों पर डिकॉय ड्रोन से हमले किये तथा विभिन्न प्रकार की 48 मिसाइलें दागीं। जेलेंस्की ने मैसेजिंग ऐप टेलीग्राम पर लिखा, आम जीवन के खिलाफ हर बेशर्म हमला यह दर्शाता है कि रूस पर (युद्ध रोकने के लिए) दबाव अपर्याप्त है। जेलेंस्की ने कहा कि वह रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को कूटनीतिक रूप से अलग-थलग करने और उनपर अधिक अंतरराष्ट्रीय दबाव बनाने के अपने प्रयासों के तहत बुधवार को तुर्किये के राष्ट्रपति रजब तैयब एर्दोआन से मुलाकात करेंगे।



मुंबई में एक आवासीय इमारत के फ्लैट में भीषण आग लग गई है। जानकारी के मुताबिक, विद्याविहार इलाके में एक आठ मंजिला इमारत में आग लगने से हड़कंप मच गया। सूचना के बाद दमकल विभाग की कई गाड़ियां मौके पर पहुंच गई हैं और आग बुझाने का काम जारी है। किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

# ऑपरेशन सिंदूर के बाद राफेल पर चीन ने किया दुष्प्रचार



**नई दिल्ली।** कश्मीर के पहलगाम में इस साल मई में आतंकवादी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य झड़प हुई। इस दौरान चीन ने अपने जे-35 लड़ाकू विमानों को बेचने के लिए राफेल विमानों की बिक्री रुकने की भ्रामक जानकारी फैलाई थी। इसके लिए उसने अभियान चलाया। इसके तहत उसने सोशल मीडिया पर फर्जी खाते बनाकर एआई और वीडियो गेम की तस्वीरें फैलाईं, जिनमें दिखाया गया कि चीन के हथियारोंसे फ्रांस के विमानों को नुकसान पहुंचा। यह खुलासा अमेरिकी सरकार की एक रिपोर्ट में हुआ है।

दरअसल, अमेरिकी कांग्रेस ने हाल ही में अमेरिका-चीन आर्थिक और सुरक्षा समीक्षा आयोग की सालाना रिपोर्ट जारी की है। यह रिपोर्ट 745 पन्नों की है और ऑनलाइन उपलब्ध है। रिपोर्ट में साइबर, आर्थिक, सूचना, महंगाई, कानून और अंतरिक्ष जैसे अलग-अलग क्षेत्रों में चीन की गतिविधियों की जानकारी दी गई है। इसमें 97वें पन्ने में राफेल के खिलाफ चीन के दुष्प्रचार अभियान का खुलासा किया गया है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि चीन ने मई 2025 में हुए भारत-पाकिस्तान संघर्ष में पाकिस्तान को हथियार और खुफिया जानकारी दी। भारतीय सेना का कहना है कि चीन ने पाकिस्तानी सेना को भारत की सैन्य स्थिति की लाइव जानकारी दी और इस संघर्ष का इस्तेमाल अपने हथियारों की क्षमता को जांचने के लिए किया। पाकिस्तान ने इन आरोपों से इनकार किया और चीन ने अपनी भूमिका की पुष्टि या खंडन नहीं किया।

इसमें बताया गया है कि चीन ने 2025 में पाकिस्तान के साथ अपनी सैन्य सहयोग बढ़ाया, जिससे भारत के साथ सुरक्षा तनाव और बढ़ गया। चीन ने इस संघर्ष का फायदा उठाकर अपने हथियारों की क्षमता को दुनिया को दिखाने और हथियारों की बिक्री बढ़ाने की कोशिश की। रिपोर्ट में कहा गया कि यह पहला मौका था, जब चीन की एचक्यू-9 एयर डिफेंस, पीएल-15 एयर-टू-एयर मिसाइल और जे-10 लड़ाकू विमान जैसी आधुनिक हथियार प्रणालियां वास्तविक युद्ध में इस्तेमाल हुए। जून 2025 में चीन ने पाकिस्तान को पांचवीं पीढ़ी के 40 जे-35 लड़ाकू विमान, केजे-500 विमान और बैलिस्टिक मिसाइल रक्षा प्रणाली बेचने की पेशकश की। संघर्ष के बाद चीन के दूतावासों ने अपने हथियारों की कामयाबी की प्रशंसा की और राफेल विमानों की बिक्री रोकने के लिए भ्रामक जानकारी का प्रचार किया।

स्वामी वीरेन अग्रवाल प्रकाशक विवेक खंडेलवाल मुद्रक इम्प्रेशन प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग लिमिटेड, सिकंदरा रोड, गुरु का ताल, आगरा से मुद्रित एवं बृज वैलबिल्ट प्राइवेट लिमिटेड, फ्लैट 302 तीसरी मंजिल ब्लॉक E /11/8 संजय प्लेस आगरा से प्रकाशित। **RNI Registration No., UPHIN/2021/88376।** प्रधान संपादक अरविन्द सिंह। चेयरमैन-स्वतंत्र कुमार। प्रबंध निदेशक ब्रजेश सिकरवार। E MAIL newsnextindia1@gmail.com, Website:-www.nnindianews.com
(प्रधान संपादक इस अंक में समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी है)

NNI
हर खबर पर पक्की नजर
मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
# न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
आगरा ब्रज
www.nnindianews.com
गुरुवार, 20 नवंबर, 2025


## टैंकर चालक ने युवक को रौंदा...मौके पर ही मौत

एनएनआई




**मथुरा।** बलदेव थाना क्षेत्र में जुगसना मार्ग पर शाम छह बजे तेज रफ्तार टैंकर ने सड़क पर खड़े युवक को रौंद दिया। युवक की मौके पर ही मौत हो गई।

छौली निवासी मथुरा प्रसाद (47) भतीजे के साथ बाइक से हाथरस से वापस आ रहा था। जुगसना में बैंक के पास बाइक खड़ी करके परचूनी की दुकान से कुछ खरीदारी करने लगा । इसी दौरान बलदेव की तरफ से आए कैंटर ने युवक को रौंद दिया।

युवक लहूलुहान होकर सड़क पर गिर गया। सिर में गंभीर चोट से मौके पर ही मौत हो गई। भतीजे मनोज को भी चोट लगी है। चालक व हेल्पर टैंकर छोड़कर भाग गए। सीओ संजीव राय ने बताया कि परिजन को सूचना दी है। शव पीएम को भेज दिया है।

## हाथरस में टैंकर-ईको की भिड़ंतः चार लोग गंभीर घायल, अलीगढ़ रेफर

एनएनआई



**हाथरस।** गुरुवार सुबह मथुरा रोड पर कलेक्ट्रेट के निकट एक टैंकर ने ईको गाड़ी को टक्कर मार दी। इस सड़क हादसे में ईको में सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तत्काल इलाज के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया। टक्कर में ईको गाड़ी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

घटना स्थल पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया और स्थानीय लोग मदद के लिए आगे आए। घायलों की पहचान बनी सिंह (पुत्र सोहनलाल, निवासी नगला हटोला, थाना इगलास, अलीगढ़), राजुद्दीन और इसरायल (पुत्रगण अब्दुल, निवासी बिजलीघर मुरसान), तथा नरेंद्र (पुत्र हेतराम, निवासी तेहरा, थाना राया, मथुरा) के रूप में हुई है। ये सभी ईको गाड़ी में मुरसान से हाथरस आ रहे थे। जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद, घायलों की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें अलीगढ़ रेफर कर दिया गया है। उनके परिजन भी सूचना मिलने पर अस्पताल पहुंच गए थे।

## कढ़ी खाकर एक परिवार के 7 सदस्य बीमार

एनएनआई

**हाथरस।** सादाबाद कोतवाली क्षेत्र के गांव मडनई में एक ही परिवार के सात सदस्य बुधवार की देर रात फूड प्वाइजनिंग का शिकार हो गए। बुधवार देर रात कढ़ी खाने के बाद उनकी तबीयत बिगड़ी। इन सभी को उल्टियां होने लगी। जिसके बाद सभी को उपचार के लिए पहले सादाबाद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ली जाया गया और उसके बाद जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

बीमार होने वालों में बच्चू सिंह, उनकी बेटी राजमला, पुत्र जितेंद्र, फूलवती पत्नी योगेश, 3 वर्षीय यश पुत्र योगेश, 5 वर्षीय आदित्य पुत्र योगेश और योगेश शामिल हैं। इनमें यश और आदित्य बच्चे हैं। बताया जा रहा है कि इन सभी ने घर में दो दिन पहले बनाई गई कढ़ी खाई थी, जिसके बाद उनकी हालत बिगड़ गई। सूचना मिलने पर सरकारी एम्बुलेंस मौके पर पहुंची और सभी बीमार सदस्यों को जिला अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल में उनका उपचार जारी है। परिवार के अन्य सदस्य भी जिला अस्पताल पहुंच गए हैं।

# लखनऊ में मथुरा के मां-बेटे ने खाया जहरीला पदार्थ

एनएनआई

**मथुरा।** बरसाना थाना क्षेत्र के गांव संकेत स्थित एक टाउनशिप में रहने वाले मां-बेटे ने अपने प्लॉट पर कथित कब्जे और शिकायत के बावजूद कोई सुनवाई न होने पर बुधवार को लखनऊ पहुंचकर विक्रमादित्य मार्ग पर जहरीला पदार्थ खाकर आत्मघाती कदम उठा लिया। घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। वहीं, मथुरा पुलिस भी सक्रिय हो गई है। मामले की जांच कराई जा रही है।

मुनेश सिंह और उनका 38 वर्षीय पुत्र बलजीत सिंह प्लॉट विवाद को लेकर कई दिनों से गहरे तनाव में थे। बुधवार दोपहर करीब 11.30 बजे दोनों लखनऊ पहुंचे और मुख्यमंत्री आवास के निकट विक्रमादित्य मार्ग पर जहरीला पदार्थ निगल लिया।



मौके पर उपस्थित लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। दोनों को तत्काल सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उनकी हालत गंभीर बताते हुए उपचार शुरू किया।

प्रारंभिक पूछताछ में यह सामने आया कि मथुरा स्थित विवादित प्लॉट पर दबंगों ने कब्जा कर लिया था। पीड़ितों ने स्थानीय स्तर पर कई बार शिकायत की, लेकिन कथित रूप से किसी भी स्तर पर सुनवाई न होने से निराश होकर उन्होंने यह कठोर कदम उठाया।

उधर घटना की जानकारी मिलते ही मथुरा पुलिस भी सक्रिय हो गई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि प्रकरण के लिए लखनऊ पुलिस से समन्वय स्थापित कर घटनाक्रम की जानकारी जुटाई जा रही है। एसएसपी श्लोक कुमार ने बताया कि मामले की जांच कराई जा रही है। जो भी दोषी मिलेगा, उस पर कार्रवाई की जाएगी। पूर्व में महिला की ओर से आईजीआरएस पर शिकायत की गई थी, लेकिन वह इस प्रकरण से संबंधित नहीं है।

## गैंगस्टर गोल्डी की 2 करोड़ की संपत्ति कुर्क, फर्जीवाड़े का था बड़ा नेटवर्क

एनएनआई

**फिरोजाबाद।** पुलिस ने बुधवार को गैंगस्टर गोल्डी उर्फ बबलू की 2 करोड़ रुपए से अधिक की अचल संपत्ति कुर्क की। यह कार्रवाई एसएसपी सौरभ दीक्षित के निर्देश पर गैंगस्टर एक्ट के तहत की गई। थाना फरिहा पुलिस ने जसराना थाने में दर्ज मुकदमा गैंगस्टर एक्ट से जुड़े गैंगलीडर गोल्डी उर्फ बबलू की 2 करोड़ से ज्यादा की संपत्ति को जब्त किया।

गोल्डी उर्फ बबलू, पुत्र गजाधर सिंह, कोटला रोड, ओझा नगर, नगला करन सिंह, थाना उत्तर (वर्तमान पताः सुहागनगर, थाना दक्षिण) का निवासी है। वह वकालत की आड़ में एक संगठित गिरोह चलाता था। उस पर आरोप है कि वह अपनी मां मुन्नी देवी और भाई प्रकाश बाबू के साथ मिलकर धोखाधड़ी, षड्यंत्र, हेराफेरी, छल-कपट, जमीनों के फर्जी बैनामे, लोगों के साथ मारपीट और अवैध कब्जों के जरिए आर्थिक लाभ कमाता था।

गोल्डी पर जमीनें हड़पने के लिए लोगों पर दबाव बनाने और मारपीट कराने के आरोप भी दर्ज हैं। एसएसपी सौरभ दीक्षित द्वारा गोल्डी के खिलाफ एक विस्तृत रिपोर्ट



उच्चाधिकारियों को भेजी गई थी। इसके बाद अपर पुलिस महानिदेशक, आगरा जोन ने उसके गिरोह को इंटर रेंज गैंग क्र-22 (फिरोजाबाद) के रूप में पंजीकृत किया।

गैंगस्टर गोल्डी उर्फ बबलू पर आधा दर्जन से अधिक गंभीर मुकदमे दर्ज हैं। इनमें पॉक्सो एक्ट, हेराफेरी, दंड प्रक्रिया अधिनियम, एससी/एसटी एक्ट और गैंगस्टर एक्ट की धाराएं शामिल हैं। पूर्व में उसे अपराध माफिया घोषित कर थाना उत्तर पर निगरानी में रखा गया था। एसएसपी सौरभ दीक्षित ने बताया कि जनपद में अपराधियों और माफिया के खिलाफ कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि अवैध रूप से अर्जित किसी भी संपत्ति को बख्शा नहीं जाएगा। फिरोजाबाद पुलिस जनपद में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है।

## गैंगस्टर अखिलेश की संपत्ति पर भी कुर्क की कार्रवाई

**फिरोजाबाद** एनएनआई। पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए कुख्यात गैंग लीडर अखिलेश उर्फ अखलेश पुत्र शम्भूदयाल की 55,70,628 रुपए की चल-अचल संपत्ति कुर्क की है। अखिलेश सिकेरा थाना मटसैना का निवासी है और वर्तमान में केदारी कॉलोनी, जसलई रोड, शिकोहाबाद में रहता है। यह कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के निर्देश पर थाना मक्खनपुर पुलिस टीम द्वारा की गई। पुलिस टीम ने गिरोहबंद एवं असामाजिक क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम के तहत गैंग लीडर द्वारा अवैध तरीके से अर्जित कुल 39,13,080 रुपए की संपत्ति कुर्क की। इससे पहले भी पुलिस ने अभियुक्त की 16,57,548 रुपए की अचल संपत्ति जब्त की थी। इस प्रकार, दो दिनों में कुल 55,70,628 रुपए की संपत्तियां कुर्क की जा चुकी हैं।

पुलिस के अनुसार, गैंग लीडर अखिलेश और उसके साथियों ने फर्जी परीक्षार्थियों को बैठाकर परीक्षाओं में धांधली, अवैध वसूली, ठगी और दस्तावेजों में फर्जीवाड़ा जैसे अपराधों से भारी मात्रा में अवैध धन कमाया था। इसी अवैध धन से चल-अचल संपत्तियां खरीदी गई थीं।

# लुटेरा गैंग से पुलिस की मुठभेड़

## छलेसर चौकी के पास चार बदमाश दबोचे, एक के पैर में लगी गोली

एनएनआई

**एत्मादपुर।** कार में बैठाकर रास्ते में सवारियों को लूटने वाला अंतराज्यीय शातिर गैंग पुलिस के हत्थे चढ़ गया है। छलेसर पुलिस चौकी क्षेत्र में हुई मुठभेड़ में गिरफ्तार गैंग के चार सदस्यों में से एक पैर में पुलिस की गोली लगने पर लंगड़ा हो गया है। तमंचा, कारतूस, लूट में प्रयुक्त कार, नकदी और मोबाइल फोन बरामद होने का दावा किया गया है।



पुलिस प्रवक्ता के अनुसार जनपद हमीरपुर के थाना कुरारा के गांव ब्रह्मा का डेरा निवासी दीपक कुमार ने मुकदमा पंजीकृत कराया था कि वह 13 नवंबर को वह सूरत (गुजरात) से ट्रेन में मथुरा आए थे। हाथरस के सासनी कस्बा में अपनी मौसी के घर जाने को मथुरा बस स्टैंड पर दो युवकों ने आवाज देकर उन्हें हाथरस जाने के लिए अपनी कार में बैठा लिया। कार चालक ने रास्ते में जाम लगने की बात कहकर कार को आगरा की ओर मोड़ दिया था। रास्ते में अचानक कार में बैठे युवकों ने मारपीट कर उनसे दो मोबाइल व नकदी छीन ली। इसके बाद बुढ़िया के ताल के पास चलती कार से धक्का देकर फरार हो गए। पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू की तो उसे सीसीटीवी कैमरों की मदद से उनकी कार का नंबर मिल गया। सहायक पुलिस आयुक्त देवेश कुमार सिंह ने बताया कि बुधवार तड़के यमुना एक्सप्रेस वे कट के पास एक सूचना के आधार पर इन्हीं लुटेरों की घेराबंदी कर ली गई। इलाका पुलिस की जवाबी फायरिंग में बागपत के थाना सिंघावली के अहीर मोहल्ला किराना डाक वाली गली अमी नगर निवासी 51 वर्षीय वसीम पुत्र फैयाज के पैर में गोली लगी है। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं दिल्ली, शाहदरा के साहिल, गाजियाबाद के थाना लोनी की पूजा कालोनी के आरिफ उर्फ समीर और आरिफ को गिरफ्तार किया गया है।

गिरफ्तार शातिरों के पास से एक तमंचा-कारतूस, छीने गए दो मोबाइल, नकदी, दो डेबिट कार्ड, घटना में प्रयुक्त एक आई टेन कार आदि सामान बरामद किया गया है।

# अवैध हथियार और कारतूसों के साथ दो युवक गिरफ्तार

एनएनआई

**आगरा।** थाना ट्रांस यमुना पुलिस ने बुधवार देर रात एनएच-19 पर शाहदरा कट सर्विस रोड स्थित क्षेत्र में चेकिंग के दौरान दो संदिग्ध युवकों को दबोचकर उनके पास से अवैध तमंचा व जिंदा कारतूस बरामद किए। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

बुधवार-गुरुवार रात्रि शहादरा चौकी इंचार्ज जितेंद्र कुमार अपनी टीम उ०नि०अरविंद कुमार, उ०नि० नीरज कटारिया तथा का0 ऋषिपाल के साथ क्षेत्र में शांति व्यवस्था व संदिग्ध व्यक्तियों की तलाश में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि दो युवक अवैध असलहे के साथ किसी वारदात की फिराक में शाहदरा चुंगी की ओर आते हुए देखे गए हैं। सूचना पर पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची।

मुखबिर द्वारा बताए हुलिए के आधार पर दोनों संदिग्धों को रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन पुलिस को देखते ही वे भागने लगे। पुलिस ने घेराबंदी करते हुए दोनों को पकड़ लिया। तलाशी में पहले युवक श्यामसुंदर उर्फ बीला (24 वर्ष), निवासी भागुपुर थाना एत्मादपुर के पैंट की कमर से एक अवैध 315 बोर का देशी तमंचा बरामद हुआ। वहीं दूसरे युवक देव वर्मा (19 वर्ष), निवासी बेलनगंज, के लोअर की जेब से 315 बोर के दो जिंदा कारतूस मिले। दोनों आरोपी असलहे का लाइसेंस प्रस्तुत नहीं कर सके। पुलिस ने अवैध हथियार बरामद कर दोनों को सुबह करीब 2:30 बजे गिरफ्तार कर लिया। मौके पर बरामद हथियार व कारतूस सील कर आवश्यक कार्रवाई की गई। प्रभारी रोहित कुमार ने बताया कि आरोपी श्यामसुंदर पर धारा 3/25 आयुध अधिनियम, जबकि देव वर्मा पर धारा 9/25 आयुध अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। गिरफ्तार किए गए युवकों को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेजा जाएगा।

# वायरल वीडियो पर पुलिस ने जांच बाद दर्ज किया मुकदमा

एनएनआई

**आगरा।** थाना ट्रांस यमुना क्षेत्र के सतीनगर सब्जी मंडी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आ गई है। वीडियो में कुछ युवक एक एक्टिवा पर देर रात केक काटते दिखाई दे रहे हैं। यह घटना 15 नवंबर की रात लगभग 12:30 बजे की बताई गई है, वीडियो में केक काटने के तुरंत बाद कई राउंड फायरिंग जैसी आवाजें भी आ रही थीं। फायरिंग जैसी आवाजें आने के बाद एक युवक संदिग्ध रूप से अपनी कमर के पीछे कुछ रखते दिखाई देता है। पुलिस के अनुसार सामूहिक रूप से किए गए इस कृत्य से आसपास के लोगों की जान को खतरा हो सकता था और सार्वजनिक स्थान पर लोक-शांतिभंग की आशंका भी उत्पन्न हुई। पुलिस ने वायरल वीडियो की जाँच कर पहचान स्पष्ट की और वीडियो में दिखाई दे रहे युवकों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। अब पुलिस इनकी जल्द गिरफ्तारी के प्रयास में जुटी हुई है।

# ताज पर पर्यटक की तबीयत हुई खराब

एनएनआई

**आगरा।** कर्नाटक के बीजापुर से ताजमहल देखने आए पर्यटक बासुराज की पश्चिमी गेट पर अचानक तबीयत बिगड़ गई। ग्रुप के लोगों ने पर्यटक के स्वास्थ्य खराब होने की सूचना ताज सुरक्षा पुलिस की क्विक रिस्पांस टीम को दी। तत्काल पर्यटन सुविधा केंद्र से एंबुलेंस बुलाकर पर्यटक को जिला अस्पताल भेज दिया जहां पर्यटक का इलाज चल रहा है विश्व धरोहर सप्ताह के प्रथम दिन बुधवार को ऐतिहासिक स्मारकों के अवलोकन के लिए पहुंचे पर्यटकों का स्वागत किया गया। इस दौरान पुरातत्व विभाग के अजय मीणा ने पर्यटकों को माल्यार्पण कर उनका अभिनंदन किया और पर्यटन जागरूकता एवं सांस्कृतिक विरासत संरक्षण का संदेश दिया।



## वैधानिक सूचना

सुधि पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गये तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति विज्ञापन दाता खुद ही जिम्मेदार है, पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहानिक जानकारी कर लें। किसी भी विज्ञापन से पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो न्यूज नेक्स्ट इंडिया के मुद्रक, प्रकाशक या संपादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

\- प्रबंधक विज्ञापन

समाचार पत्र में छपे किसी भी लेख के लिए प्रधान संपादक उत्तरदायी नहीं है। प्रकाशित विभिन्न रचनाओं के लिए लेखक स्वयं उत्तरदायी है। समाचार पत्र में प्रकाशित सामिग्री / विज्ञापन आदि से प्रधान संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र सिर्फ आगरा होगा।

# बैंक से नकदी लेकर आ रही वृद्धा के 50 हजार पार

एनएनआई

**आगरा।** एत्माद्दौला थाना क्षेत्र के रामबाग चौराहे पर बैंक से रुपये निकालकर आ रही महिला के बैग से दो महिलाओं ने 50 हजार रुपये चुरा लिए। पीड़िता ने प्राथमिकी दर्ज कराई है।

बोदला के कलवारी गांव की मदीना इन दिनों टेढ़ी बगिया पर रहती हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि वह 17 नवंबर को दोपहर करीब 3 बजे एत्माद्दौला रोड स्थित पंजाब नेशनल बैंक से 50,000 रुपये निकालकर लौट रही थीं। बैंक से ही दो महिलाएं उनके पीछे लग गईं।

रामबाग चौराहे के करीब महिलाओं ने उनके बैग से रुपये निकाल लिए। छत्ता एसीपी शेषमणि उपाध्याय ने बताया कि घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज देखे जा रहे हैं।

# आगरा से अलीगढ़ तक ग्रीन एक्सप्रेस-वे का निर्माण कार्य शुरू

## एक घंटे में तय होगा सफर, 66 गांव से गुजरेगा एक्सप्रेसवे

एनएनआई

**आगरा।** नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) ने आगरा-अलीगढ़ ग्रीन एक्सप्रेस वे का निर्माण कार्य शुरू कर दिया है। ये 64.9 किमी का एक्सप्रेस वे है। इसे खंदौली के टोल प्लाजा से एनएच-91 से जोड़ा जाएगा। इसके बनने से तीन जिलों के 66 गांवों की कनेक्टिविटी बढ़ने से विकास भी होगा। खंदौली से 45 मिनट और आगरा से एक घंटे में अलीगढ़ पहुंच सकेंगे। दो साल बाद दिसंबर 2027 में इस एक्सप्रेस वे पर वाहन फर्राटा भरना शुरू कर देंगे।



एनएचएआई के परियोजना निदेशक संदीप यादव ने बताया कि ग्रीन एक्सप्रेस वे की दूरी 64.9 किमी है। इसको दो चरणों में बनाया जा रहा है। पहले चरण में 36.9 किमी और दूसरे में 28 किमी है। 36.9 किमी की लागत 820.40 करोड़ रुपये है, जबकि 28 किमी एक्सप्रेस वे के निर्माण पर 716.50 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इसका निर्माण गाजियाबाद और फरीदाबाद की कंपनियां करा रही हैं। दोनों कंपनियों ने निर्माण कार्य शुरू करा दिया है। 48 महीने में एक्सप्रेस वे बनकर तैयार हो जाएगा। इसे खंदौली के टोल प्लाजा से बनाकर नेशनल हाईवे-91 से जोड़ देंगे। इस तरह से आगरा से अलीगढ़ की दूरी घंटे भर में ही पूरी हो जाएगी। खंदौली से जाने में करीब 45 मिनट का समय लगेगा। तीन जिलों के 66 गांवों को इस एक्सप्रेस वे से जोड़ा जा रहा है।

गांवों का भी होगा विकास:

परियोजना निदेशक ने बताया कि ग्रीन एक्सप्रेस वे आगरा, हाथरस और अलीगढ़ तक पहुंचेगा। इसमें हाथरस के 48, अलीगढ़ के 14 और आगरा के 4 गांव शामिल हैं। एक्सप्रेस वे पर 49 फुट ओवर ब्रिज, अंडरपास, रेलवे ओवर ब्रिज भी बनाए जाएंगे। इससे आसपास के गांवों के लोग आसानी से एक्सप्रेस वे के दूसरी ओर आ-जा सकेंगे। एक्सप्रेस वे से जुड़ने से इनका विकास भी होगा।

परियोजना निदेशक ने बताया कि एक्सप्रेस वे पूरा होने के बाद आगरा, हाथरस और अलीगढ़ की कनेक्टिविटी आसान हो जाएगी। जाम से बचाव होने के साथ ईंधन की भी बचत होगी। दूरी कम होने से लोगों का समय भी कम लगेगा। एक्सप्रेस वे को बनाने के लिए हरियाली भी प्रभावित नहीं होगी।

**64.9: किमी है एक्सप्रेस वे की दूरी**

1536.9: करोड़ रुपये है लागत

66: गांवों की बढ़ेगी कनेक्टिविटी

49: एफओबी, अंडरपास, आरओबी बनेंगे।

48: महीने में निर्माण कार्य हो जाएगा पूरा।

# यमुना एक्सप्रेस-वे: भू-अधिग्रहण का मिलेगा 64.7% अतिरिक्त मुआवजा

एनएनआई




**एत्मादपुर।** यमुना एक्सप्रेस-वे निर्माण को हुए भू-अधिग्रहण से प्रभावित किसानों को डेढ़ माह बाद जनवरी में 64.7 प्रतिशत बढ़ा अतिरिक्त मुआवजा मिल जाएगा। यह भरोसा किसान संगठनों के पदाधिकारियों द्वारा यमुना विकास प्राधिकरण के नोयडा ऑफिस में ओएसडी शैलेन्द्र कुमार सिंह ने बुधवार को ज्ञापन सौंपने के दौरान दिया। हालांकि क्षेत्रीय विधायक डा. धर्मपाल सिंह इस संबंध में लगातार प्रयासरत हैं। वे तीन बार प्राधिकरण के सीईओ से क्षेत्रीय किसानों के साथ एवं व्यक्तिगत रूप से भी मिल चुके हैं। किसान संगठनों द्वारा बुधवार को दिए गए ज्ञापन में प्राधिकरण द्वारा आगरा से नोएडा तक के किसानों की अधिग्रहण की गई जमीनों का 64.7 बढ़ा हुआ अतिरिक्त मुआवजा एवं 10% विकसित प्लाट एवं कुटुंब परिवार के अनुसार रोजगार या फिर उसके बदले किसान परिवार के बच्चों को प्रति व्यक्ति 5:50 लाख रुपए की धनराशि दिए जाने के अलावा भूमि अधिग्रहण बिल 2014 का अनुपालन किए जाने की मांग भी की गई है। किसान संगठनों के पदाधिकारियों का कहना है कि वर्तमान में यमुना विकास प्राधिकरण के अधीन यमुना एक्सप्रेस-वे बनाने को आगरा से नोएडा तक के 6 जनपदों के 1148 गांवों के किसानों की जमीन अधिग्रहण की गई है। प्राधिकरण द्वारा दिए जाने वाले बढ़े हुए अतिरिक्त मुआवजा से एत्मादपुर तहसील क्षेत्र के गांव गढ़ी रामी, चौगान, छलेसर, सौरई, पैंथखेड़ा, मलूपुर आदि गांवों के किसान लाभान्वित होंगे।

### पूरा नहीं हुआ दोनों ओर सर्विस रोड बनाने का वायदा

आगरा से नोएडा तक यमुना एक्सप्रेस-वे निर्माण के लिए किए गए भू-अधिग्रहण के दौरान किसानों से वायदा किया गया था कि एक्सप्रेस-वे के दोनों तरफ के किनारों पर क्षेत्रीय जनता के आवागमन को सर्विस रोड बनाई जाएगी। लेकिन किसानों से किया गया यह वायदा आज तक पूरा नहीं हुआ है। प्रभावित किसान अब एक्सप्रेस-वे के सहारे आवागमन के लिए सर्विस रोड बनाने या फिर उन्हें टोल फ्री की छूट प्रदान करने की मांग कर रहे हैं।



**अंशुमान ठाकुर, अध्यक्ष सिस्टम सुधार संगठन।**

# निराश्रित गोवंश संरक्षण को लेकर सरकार गंभीर : जिलाधिकारी



एनएनआई

**आगरा।** कलेक्ट्रेट सभागार में हुई समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी अरविंद मल्लप्पा बंगारी ने कहा कि निराश्रित गोवंश के संरक्षण और भरण-पोषण को लेकर सरकार पूरी तरह संकल्पित है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी गो-आश्रय स्थलों में बेहतर प्रबंधन सुनिश्चित किया जाए। डीएम ने सीसीटीवी कैमरे कार्यशील रखने, कंट्रोल रूम से सतत निगरानी, भूसा-साइलेज-हरे चारे की पर्याप्त उपलब्धता, चारागाहों में हरा चारा बोआई तथा किसानों से समय पर एमओयू करने पर जोर दिया। गो-आश्रय स्थलों के नियमित निरीक्षण के लिए पशु चिकित्साधिकारियों की ड्यूटी रोस्टर अनुसार लगाई जाएगी। प्रत्येक आश्रय स्थल पर पर्याप्त संख्या में केयर टेकर तैनात रहेंगे और रात्रि उपस्थिति अनिवार्य होगी। डीएम ने पराली संग्रह अभियान तेज करने तथा सभी अभिलेख अद्यावधिक रखने के निर्देश दिए।

# ओवरलोड वाहनों से 11.71 करोड़ शुल्क वसूला

### मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में मण्डलीय सड़क सुरक्षा समिति की हुई बैठक

एनएनआई



**आगरा।** मण्डलायुक्त शैलेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को मण्डलीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई। अवगत कराया गया कि पुलिस विभाग द्वारा नवम्बर माह को यातायात माह के रूप में मनाया जा रहा है। जिसमें परिवहन विभाग द्वारा भी सहयोग दिया जा रहा है। इसके अन्तर्गत स्कूल-कॉलेजों के अलावा अन्य स्थलों पर भी जागरूकता कार्यक्रम के आयोजन किए जा रहे हैं।

वाहनों एवं यातायात नियमों के प्रति भी जागरूक बनाया जा रहा है। ऑफलाइन व ऑनलाइन माध्यमों से भी इस अभियान का प्रचार प्रसार किया जा रहा है। यातायात माह के तहत जहां सुगत यातायात का प्रबन्धन किया जा रहा है, ब्लैक स्पॉट में सुधार किये जा रहे हैं, वहीं नियमों को तोड़ने वाले के खिलाफ लगातार प्रवर्तन की कार्रवाई भी की जा रही है। आगरा सम्भाग में 1 नवम्बर से 17 नवम्बर तक बिना हेलमेट के 3246, बिना एचएसआरपी नम्बर प्लेट के 1380, सीटबेल्ट के 820, रॉन्ग साइड से वाहन चलाने वाले 438, मोबाइल फोन के इस्तेमाल के 307 और ओवर स्पीडिंग के 204 के विरूद्ध प्रवर्तन की कार्यवाही की गयी है।

मण्डल के चारों जनपदों की सड़क दुर्घटनाओं की अद्यावधिक तुलनात्मक समीक्षा की गयी। विगत वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष मैनपुरी और आगरा में सड़क दुर्घटनाओं की संख्या में इजाफा हुआ है। समीक्षा के उपरान्त महोदय द्वारा पुलिस विभाग को निर्देश दिए कि वे इन स्पॉट पर दुर्घटनाओं के कारणों की समीक्षा कर सड़क दुर्घटनाओं की संख्या में कमी लाए। टोल प्लाजा से होकर गुजरने वाले वाहनों के विरूद्ध कार्यवाही को लेकर अवगत कराया गया कि अप्रैल से लेकर अक्टूबर माह तक मण्डल में ओवरलोड वाहनों के खिलाफ कार्यवाही कर लगभग 11.71 करोड़ प्रमशन शुल्क वसूला गया है।

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा देश के चिन्हित 100 जनपदों में जीरो फेटीलिटी डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम लागू किए जाने के निर्देश दिए गये हैं। इनमें आगरा, फिरोजाबाद और मैनपुरी जनपद भी शामिल हैं। सेव लाइफ फाउन्डेशन द्वारा तैयार रोड सेफ्टी एक्शन प्लान को अंगीकृत करने तथा परिवहन, पुलिस, पीडब्लूडी एवं चिकित्सा विभाग का नोडल अधिकारी नामित कराते हुए कार्यवाही को योजनाबद्ध ढंग से संपन्न किए जाने के निर्देश दिए गये।



# लाल किले जैसा सजेगा सूरसदन, बाबा सत्यनारायण मौर्य गीतों से गूंजेगा

## द्वितीय बलिदान दिवस पर देशभक्ति से सजी एक शाम कार्यक्रम का होगा आयोजन

एनएनआई



**आगरा।** कैप्टन शुभम फाउंडेशन की ओर से भारत विकास परिषद के सहयोग से देश-विदेश में प्रख्यात लेखक, कार्टूनिस्ट, चित्रकार एवं गीतकार बाबा सत्यनारायण मौर्य का कार्यक्रम कैप्टन शुभम गुप्ता के द्वितीय बलिदान दिवस पर सूरसदन प्रेक्षागृह होने जा रहा है। आयोजन समिति ने भाविप के सदस्यों के साथ बुधवार को धाकरान स्थित होटल मोती पैलेस में आयोजन के आमंत्रण-पत्र का विमोचन कर जानकारी दी।

संयोजक प्रमोद सिंघल ने बताया कि देशभक्ति से सजी एक शाम बलिदानी कैप्टन शुभम के नाम कार्यक्रम का आयोजन सूरसदन में 22 नवम्बर को दोपहर 3 बजे से शुरू होगा। जिसमे अपनी बहुआयामी कला क्षमता से भारतीय संस्कृति, संस्कारों और देशभक्ति के पक्ष को मजबूती से रखने वाले बाबा सत्यनारायण मौर्य बलिदान दिवस पर अपनी प्रस्तुति देंगे। बाबा देशभक्ति गीतों के गायन और उसी से संबंधित तत्काल पेंटिंग बनाने के साथ ही अपने प्रेरक उद्बोधन व कविताओं से लोगों को रोमांचित करेने के लिए ताजनगरी आएंगे।

शुभम के पिता एड. बसंत गुप्ता ने बताया कि कैप्टन शुभम गुप्ता को समर्पित कार्यक्रम में प्रेरक वक्ता के रूप में बाबा के असैद्धांतिक विचार हमारे रोजमर्रा के जीवन और व्यवहार से जुड़े हुए होंगे। पुरे सूरसदन परिसर को लाल किले कि तर्ज पर सजाया जायेगा। जगह-जगह स्कूली बच्चो द्वारा देशभक्ति से ओतप्रोत रंगोली सजाई जाएगी।

आयोजन में भारत विकास परिषद की सभी शाखाओ सहित शहर की विभिन्न संस्थाएं प्रतिभाग कर रही है। इस अवसर पर रवि शिवहरे, डॉ. केशव दत्त गुप्ता, डॉ तरुण शर्मा, अखिलेश भटनागर, विनय सिंघल, डॉ. कैलाश सारस्वत, पुष्पेंद्र सिसोदिया, वीरेंद्र सिंघल, वंदना अग्रवाल, उमेश बंसल, धर्मगोपाल मित्तल, टीटू गोयल, चंद्रवीर सिंह, मनीष जैन राजेश गोयल, अजय जैन, किशन गुप्ता, कुलभूषण गुप्ता, डॉ. नरेंद्र गुप्ता, तपन अग्रवाल, उमेश बाबू अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

# योगी सरकार में किसानों की समस्या हुई कमः राज्यमंत्री

- उत्तर प्रदेश बीज विकास निगम के उपाध्यक्ष राजेश्वर सिंह ने किया औचक निरीक्षण



एनएनआई

**आगरा।** उत्तर प्रदेश सरकार में बीज निगम के उपाध्यक्ष राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त राजेश्वर सिंह पिछले बीते कई दिनों से कई जनपदों में जिलों के संयंत्रों का निरीक्षण करने पहुंच रहे हैं। बुधवार आगरा सर्किट हाउस पहुंच कर पत्रकारों से वार्ता की ,बीज निगम के उपाध्यक्ष व उत्तर प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री राजेश्वर सिंह बीते कुछ दिनों से कई जनपदों के संयंत्रो का निरीक्षण कर रहे हैं उसी के मद्देनजर बुधवार को वह कानपुर मथुरा, बरेली, मेरठ, मुरादाबाद, आगरा के संयंत्र पर निरीक्षण करने के लिए आगरा सर्किट हाउस पधारे। उन्होंने बताया जब से योगी की सरकार आई हैं किसानों की समस्याओं काफी हद तक कम हुई है बिजली पानी से लेकर खाद बीज की समस्याओं का निस्तारण किया गया है ,किसानों की आय दोगुना तक हो गई है। हम पूरी निष्ठा से कार्य कर रहे हैं हमारा लक्ष्य हम सबके अन्नदाता किसानों की समस्याओं का निस्तारण करना है व प्रदेश की जनता की खुशहाली है ।राज्य मंत्री राजेश्वर सिंह ने बताया कि पुराने समय में बीज विकास निगम घाटे में चल रहा था वह आज कड़ी मेहनत मेहनत एवं अथक प्रयासों के द्वारा कई करोड़ के मुनाफे में चल रहा है । निरीक्षण के दौरान साथ में श्री शुभम सिंह, केके अग्रवाल, परियोजना अधिकारी महेंद्र सिंह, शैलेंद्र जुरेल, वेद् प्रकाश, संतोष सिंह, मनोज, जयवीर सिंह, योगेश यादव, अंकित चौधरी , आदि मौजूद रहे।

# शिक्षक निर्वाचन सीट मतों पर नहीं हो धांधली: हरि किशोर तिवारी

एनएनआई



**आगरा।** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के प्रदेश अध्यक्ष इंजीनियर हरि किशोर तिवारी बुधवार को राजकीय इंटर कॉलेज, आगरा पर एकत्रित हुए अपने समर्थकों सहित पहुंचे। उत्तर प्रदेश विधान परिषद के आगामी चुनावों को लेकर चल रही गहमागहमी के चलते इंजीनियर हरि किशोर तिवारी ने कहा कि किसी भी प्रकार शिक्षक निर्वाचन सीट पर मतों में किसी भी तरह की धांधली नहीं होगी,

उन्होंने कहा कि जो पोर्टल पर वोट है वहीं होने चाहिए ,प्रदेश के अन्य जिलों में जहां चुनाव हो रहे हैं जिनमें अलीगढ़, गोरखपुर, महाराजगंज, मैनपुरी ,बनारस, हाथरस, औरैया , फरुर्खाबाद में जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा गाइडलाइन जारी की गई है

पिछली बार आगरा में आठ हजार के आस पास वोट थे इस बार बाईस हजार से ज्यादा है ,जो कि कही न कही संदिग्धता दर्शाती है, इसी प्रकार के प्रकरण पकड़े भी जा रहे हैं जिसमें पांच के स्थान पर 45,, 50 तक फॉर्म भर कर दिए गएहैं और उन गलत मतो को बनाने के लिए दबाव बनाया जा रहा है।आयोग ने जो नियम एवं गाइडलाइन निर्धारित किए है उसी हिसाब से कार्य किया जाना चाहिए ,हम किसी भी दबाव के तहत गलत कार्य करने का विरोध करते है। किसी भी प्रकार के सही वोटो को छोड़ा भी नहीं जाना चाहिए। उनका दिए गए गाइडलाइन के आधार पर वेरिफिकेशन करके किया जाना चाहिए।

# विज्ञान भारती का स्थापना दिवस मनाया

## लैब-टू-लैंड और लैंड-टू-लैब का कार्य कर रही है विज्ञान भारती: डॉ शिवकुमार शर्मा

एनएनआई




**आगरा।** विज्ञान भारती का स्थापना दिवस समारोह एवं आईआईएसएफ का पोस्टर विमोचन आगरा कॉलेज, आगरा के सेमिनार हॉल में आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि विज्ञान भारती के राष्ट्रीय संगठन मंत्री डॉ. शिवकुमार शर्मा ने विज्ञान भारती की स्थापना से लेकर अब तक की यात्रा के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि विज्ञान भारती केवल पुराने विषयों को निकलकर विद्यार्थियों के सामने लाने का ही कार्य नहीं कर रही है, वरन आज की परिस्थिति में शोध करते हुए कार्य को आगे बढ़ाने का कार्य कर रही है। आज की मॉडर्न साइंस एवं पुराने भारतीय विज्ञान का समन्वय करने का कार्य करना विज्ञान भारती का उद्देश्य है। उन्होंने आगे कहा कि ऋषि मुनियों का नाम सुनते ही भगवा वस्त्रधारी व्यक्ति का चित्र सामने आता है। वास्तव में ये सभी प्राचीनकाल में वैज्ञानिक थे। विज्ञान भारती की स्थापना की यात्रा के बारे में बोलते हुए कहा कि प्रो केआई वासु ने स्वदेशी साइंस मूवमेंट के नाम से विज्ञान भारती का कार्य को प्रारंभ किया था। 1991 में औपचारिक रूप से विज्ञान भारती अस्तित्व में आई। आज विज्ञान भारती लैब टू लैंड और लैंड टू लैब का कार्य कर रही है। परंपरागत तकनीकी से विज्ञान के क्षेत्र में जो लोग कार्य कर रहे हैं, उनकी इस विशेष कला को समाज के सामने लाना है। क्षेत्रीय संगठन मंत्री आशुतोष सिंह ने आगामी 6 से 9 दिसंबर तक चंडीगढ़ में आयोजित किए जाने वाले भारत अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान मेला आईआईएसएफ के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने आईआईएसएफ का पोस्टर का भी विमोचन किया। इस अवसर पर प्रो दीपा रावत, प्रो संचिता सिंह, प्रो स्मिता चतुर्वेदी, डा. दिव्या अग्रवाल, डा. अल्पना ओझा, प्रो अवधेश जौहरी, प्रो अंशु चौहान, डा. आनंद प्रताप सिंह, डा. आयुष मंगल, डा. निधि जौहरी, डा प्रीति माहेश्वरी, डा. नीलम मिश्रा, डा सुषमा गोयल, प्रो विनोद कुमार, प्रो भूपेंद्र सिंह, प्रो महेंद्र सिंह आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।





## किशोर एवं किशोरियों को स्वास्थ्य के प्रति किया गया जागरूक

**आगरा** एनएनआई। फैमिली प्लानिंग एसोशिएसन ऑफ इंडिया की ओर से राजकीय हाईस्कूल बल्हेरा में विद्यालय के किशोर एवं किशोरियों के लिए एक स्वास्थ्य एवं जागरूकता कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें कि सभी छात्रों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा ब्लड ग्रुप व हिमोग्लोबिन की जाँच भी की गई। सभी किशोरियों को गुड टच, बैड टच, एस.आर. एच, सामाजिक विभिन्नताएं, रिलेशनशिप, किशोरावस्था में होने वाले परिवर्तन आदि विषयों के बारे में जागरूक किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय की गिरिजेश खिरवार, शाहीन, लिपिका कपूर, सुनीता, अर्चना, विशेष शिक्षक श्याम कुमार, मार्गदर्शक श्रीमती संध्या श्रीवास्तव (प्रधानाचार्य) एफ. पी. ए. आई. की और से संगीता कोल (पी, ओ) सुपरवाइजर दीन बंधु शर्मा डॉ सूर्यवंशी का सराहनीय योगदान रहा।

# बंदियों को बांटे कम्बल, गर्म कपड़े

## जिला कारागार में विधिक जागरूकता शिविर कार्यक्रम का हुआ आयोजन

एनएनआई

**आगरा।** जनपद न्यायाधीश संजय कुमार मलिक के निर्देश पर जिला कारागार, आगरा में विधिक जागरूकता शिविर कार्यक्रम का आयोजन किया गया, साथ ही बैरकों का निरीक्षण किया गया। शिविर में उपस्थित निरूद्ध बंदियों को यह भी जानकारी प्रदान की गई कि वह अब सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट द्वारा पारित निर्णय की अनुवादित हिंदी की प्रति भी वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगी।

अब पक्षकार अपने आदेशों एवं निर्णय को हिंदी में भी पड़ सकेगा। साथ ही जिला कारागार, आगरा में निरूद्ध बंदियों को शिविर में गर्म कम्बल, गर्म कपड़े, का वितरण भी किया। साथ ही अधीक्षक जिला कारागार आगरा को निर्देशित किया कि सभी निरूद्ध बंदियों को गर्म कपड़े आवश्कता अनुसार उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें।



इसके अतिरिक्त सर्दी से बचाव के लिए अधीक्षक जिला कारागार आगरा को निर्देशित किया गया कि निरूद्ध बंदियों को सर्दी से बचाव के लिए उचित प्रबंध करें। इसके अतिरिक्त डॉ दिव्यानंद द्विवेदी, अपर जिला जज/ सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, आगरा के द्वारा निरूद्ध बंदियों की समस्याओं को भी सुना गया। समस्याओं के निराकरण किया जाने के लिए अधीक्षक, जिला कारागार, आगरा को निर्देशित भी किया गया।

इसके अतिरिक्त डॉ दिव्यानंद द्विवेदी, अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, आगरा के द्वारा यह आग्रह किया कि दिनांक 13 दिसंबर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करने में सहयोग प्रदान करें ताकि आम जनमानस को राष्ट्रीय लोक अदालत का लाभ प्रदान किया जा सके।

# छात्र संगठनों ने परीक्षा नियंत्रक की खाली कुर्सी को दिया ज्ञापन



एनएनआई

**आगरा।** डॉक्टर भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय में भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन और समाजवादी छात्र सभा के पदाधिकारियों ने परीक्षा नियंत्रक कार्यालय में बैठे डिप्टी रजिस्ट्रार का घेराव किया। कई घंटों तक उनको परीक्षा नियंत्रक कार्यालय में बंधक बनाकर रखा। इसके बाद भी विश्वविद्यालय का कोई भी जिम्मेदार अधिकारी छात्र संगठन की मांगों को सुनने के लिए नहीं आया। इस पर परीक्षा नियंत्रक नाम से संगठन के पदाधिकारी ने उनकी खाली कुर्सी को ही ज्ञापन दे दिया।

**ये थी मांगें**

मुख्य रूप से मांग है विश्वविद्यालय में होने वाली परीक्षाओं को स्वकेंद्र परीक्षा केंद्र से कराया जाए, डीबार महाविद्यालय को केंद्र न बनाया जाए, विश्वविद्यालय की आवासीय संस्थान में वृद्धि वापस ली जाए, विश्वविद्यालय के छलेसर के विद्यार्थी को खेल का सामान दिया जाये यह तीनो माँग कल तक निवारण होना चाहिए नहीं तो विश्वविद्यालय में उग्र आंदोलन होगा। जिसमे मुख्य रूप से ठरवक प्रदेश महासचिव अंकुश गौतम सतीश सिकरवार अजय यादव आरव पांडे लकी यादव विष्णु रोहित भगेल मनीष आदि लोग उपस्थित रहे।

# महिला टीबी मरीजों को वितरित की पोषण पोटली



एनएनआई

**आगरा।** डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, के सामुदायिक रेडियो 90.4 आगरा की आवाज पर श्री बाँके बिहारी एजुकेशनल सोसाइटी ने एक बार फिर सेवा भावना का परिचय देते हुए 5 महिला टीबी मरीजों को पोषण पोटली वितरित की। इस कार्यक्रम का नेतृत्व संस्था के संस्थापक डॉ. मदन मोहन शर्मा ने किया और पोषण पोटली सीधे सामुदायिक रेडियो केंद्र पर मरीजों को प्रदान की गई।

श्री बाँके बिहारी एजुकेशनल सोसाइटी कई वर्षों से अपने सदस्यों के साथ मिलकर सामुदायिक रेडियो के माध्यम से महिला टीबी मरीजों को गोद लेने और उन्हें पोषण पोटली प्रदान करने का सतत कार्य करती आ रही है। साथ ही यह संस्था विश्वविद्यालय सामुदायिक रेडियो के साथ जुड़कर टीबी उन्मूलन और जागरूकता कार्यक्रमों में समय-समय पर सक्रिय भागीदारी करती रही है।

पोषण पोटली में दालें, चना, रमास दाल, दलिया, सत्तू, सोयाबीन, मूंगफली, देशी खांड, बोर्नवीटा पाउडर तथा सैनिटरी पैड जैसी आवश्यक सामग्री शामिल की गई थीं। ये सामग्री टीबी मरीजों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने और उपचार को प्रभावी बनाने में मददगार होती हैं। सामुदायिक रेडियो 90.4 आगरा की आवाज की निदेशिका प्रो अर्चना सिंह ने जानकारी दी की हमारे विश्वविद्यालय का रेडियो लगातार समाज में टीबी जागरूकता, पोषण, स्वास्थ्य सुधार, आर्थिक सशक्तिकरण और मानवता के मूल्यों को बढ़ावा देने की दिशा में उल्लेखनीय कार्य कर रहा है। इस रेडियो के माध्यम से टीबी चैंपियन्स की कहानियाँ, स्वास्थ्य विशेषज्ञों के संदेश तथा प्रेरक कार्यक्रम प्रसारित किए जाते हैं, जिससे अधिक से अधिक लोग निक्षय मित्र बनने की प्रेरणा प्राप्त करते हैं। रेडियो टीम की कार्यक्रम अधिशासी पूजा सक्सेना और इंजीनियर तरुण श्रीवास्तव ने टीबी समन्वयक कमल सिंह के माध्यम से कई जरूरतमंद महिलाओं को सिलाई मशीनें भी उपलब्ध कराई गईं।

# एसएन में शुरू हुआ नेशनल फार्मेसी वीक

एनएनआई

**आगरा।** एसएन मेडिकल कॉलेज के डीन प्राचार्य एवं डीन डॉ प्रशांत गुप्ता द्वारा प्रो. मोहित सक्सेना, विभागाध्यक्ष, फार्मेसी विभाग और औषधि निरीक्षक कपिल शर्मा एवं विभाग के सभी संकाय सदस्यों ने नेशनल फार्मेसी वीक 2025 का शुभारंभ किया। नेशनल फार्मेसी वीक की थीम : फार्मासिस्ट ऐज एडवोकेट्स आफ वैक्सीनेशन है। इस अवसर प्रो.सुनील कुमार मिश्रा, डॉ भूपेंद्र सिंह, डॉ शैलेंद्र पांडेय, डॉ अलका गुप्ता एवं डॉ विष्णु दत्त सिंह ने उक्त थीम पर अपने अपने विचार साझा किए।




छात्रों द्वारा रंगोली प्रतियोगिता में भाग लिया गया। रंगोली की जज डॉ प्रीति भारद्वाज, डॉ गार्गी त्यागी व डॉ स्वाति चौधरी ने छात्रों की रंगोली का अवलोकन किया साथ ही छात्र छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। नेशनल फार्मेसी वीक में और भी प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जायेंगी।

# खतरा बना खरंजा

## सैकड़ों मोहल्ला वासी दिन-रात गुजरते हैं इस खरंजा से

एनएनआई

**पिनाहट।** पिनाहट कस्बा स्थित पुरनपुरा के लिए जाने वाला कारंजा मौत का कारंजा कहा जाए तो इसमें कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। कारंजा लगभग आधा टूट कर खाई में गिर गया है और करंजे के नीचे लगभग 100 फीट गहरी खाई है। इस करंजे से हजारों की संख्या में मोहल्ला वासी दिन-रात गुजरते हैं। किसी भी दिन यह पूरा कारंजा टूट कर खाई में गिर सकता है जिससे दर्जनों मौत की आशंका है।

जानकारी के अनुसार पिनाहट कस्बा के पुरनपुरा मोहल्ला में पहुंचने वाला पहुंच मार्ग रामलीला ग्राउंड के पास से एक कारंजा है जिसके नीचे लगभग 100 फीट गहरी खाई है यह कारंजा लगभग आधा टूटकर खाई में गिर गया है आधे करंजी से हजारों की संख्या में ग्रामीण गुजरकर मोहल्ला पुरनपुरा में पहुंचते हैं। नगर पंचायत कर्मियों ने कुछ दिन पूर्व इस पर ब्रेकर साइड ब्रेकर लगा दिया था



लेकिन वह भी टूट कर गिर गया। नगर पंचायत अध्यक्ष रामरती देवी ने कुछ दिन पूर्व खाई को मिट्टी से भरने का प्रयास किया था जिसके बाद मिट्टी जो खाई में डाली गई उसमें गहरी गहरी दरारें आ गई है

पिनाहट मोहल्ला पुरनपुरा में स्थित लगभग 100 फीट गहरी खाई है। इस खाई में आवारा पशु किसी भी दिन गिरकर हादसे का शिकार हो सकते हैं। जिससे उनकी जान जा सकती है पिनाहट पुरनपुरा कस्बा स्थित खड़ंजा पर छोटे-छोटे बच्चे अक्सर अपने स्कूल मार्ग के लिए गुजरते हैं जिस किसी भी दिन यह बच्चे 100 फीट गहरी खाई में गिर सकते हैं

# एसडीएम ने दिये 30 नवंबर तक मतदाता पुनरीक्षण कार्य पूर्ण करने के निर्देश



एनएनआई

**किरावली।** तहसील सभागार में एसडीएम किरावली नीलम तिवारी की अध्यक्षता में फतेहपुर सीकरी विधानसभा क्षेत्र के समस्त बीएलओ एवं पदाविहित अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण पर चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। समस्त बीएलओ को मतदाताओं के सत्यापन का कार्य 30 नवंबर तक पूर्ण करने के निर्देश दिए । इसके अतिरिक्त, मतदाता सूची में जिन प्रविष्टियों में मकान नंबर शून्य है या फोटो खराब हैं, उनमें सुधार कर जल्द से जल्द कार्य पूर्ण करें । निर्देशों के अनुसार, बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं को दिए गए गणना प्रपत्र जल्द से जल्द एकत्र करें । मतदाता दो-तीन दिन बाद इन प्रपत्रों को भरकर वापस करें, जिसके बाद बीएलओ ऐप के माध्यम से उनका सत्यापन कर कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण करें लापरवाही करने वाले बीएलओ एवं पदाविहित अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में नायब तहसीलदार अछनेरा शुभ्रा अवस्थी, वीआरसी राजेश कुमार ओझा उपस्थित रहे।

# बनते ही उखड़ने लगी क्यारी की सड़क, जांच की मांग



**बाह** एनएनआई। जैतपुर के क्यारी गांव की सड़क बनते ही उखड़ने लगी है। निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल उठने लगे हैं। सयुस के पूर्व प्रदेश सचिव लल्ला गुर्जर ने पीडब्ल्यूडी के उच्चाधिकारियों से की गई शिकायत में कहा है कि लकड़ी से कुरेदे जाने पर ही गिट्टी उखड़ रही है। मिट्टी पर ही गिट्टी डाल कर काला लेप किया जा रहा है। लाल गिट्टी बिछाने के बाद गिट्टी डालने और डामरीकरण किए जाने के मानक की अनदेखी की जा रही है। उन्होंने निर्माण की गुणवत्ता की जांच कर दोषियों पर कार्यवाही किए जाने एवं मानक के अनुसार सड़क का निर्माण कराए जाने की मांग की है। बतादें कि खस्ताहाल पड़ी क्यारी की सड़क से क्यारी, धर्मशाला, अमाही आदि गांवों की 15 हजार की आबादी लाभांवित होती है। घटिया निर्माण से सड़क के भविष्य को लेकर गांव के लोग चिंतित हैं।

# पुलिस पर दो युवकों से मारपीट का आरोप

- नो पार्किंग का चालान काटने पर हुआ विवाद
- कथावाचक कौशिक जी महाराज के परिवार के थे युवक

एनएनआई

**पिनाहट।** चंबल किनारे अपनी मां को कार से छोड़ने गये दो युवकों पर बेवजह मारपीट का आरोप पुलिस पर लगाया गया। मामला जब कौशिक जी महाराज से जुड़ा हुआ मालूम हुआ तो पुलिस मामले से बचती नजर आई है।

मामला बुधवार दोपहर करीब बारह बजे का है। अन्तर्राष्ट्रीय कथा वाचक कौशिक जी महाराज के छोटे भाई रामदेव शास्त्री के दो बेटे देवकीनंदन और मारुतिनंदन अपनी मां सीमा देवी को मध्यप्रदेश के मुरैना जिले के गांव रत्न बसई स्थिति रिश्तेदार के यहां शादी समारोह में जाने के लिए चंबल नदी पिनाहट घाट पर स्टीमर पर कार से छोड़ने आए थे। सड़क पर कार लगाकर ये दोनों मां को स्टीमर में बिठाने चले गये। आरोप है कि तभी वहां तैनात एक महिला पुलिस कर्मी ने कार का फोटो खींच कर चालान कर दिया। जिसपर महिला पुलिस कर्मी ने बताया कि नो पार्किंग में कार खड़ी है। कार सवारों ने पूछा कि तो पार्किंग कहां है। इसी बात पर महिला पुलिस कर्मी के फोन करने पर थाना पिनाहट से आए एक दरोगा और सिपाही ने बिना बात किए आते ही गाली गलौज करते हुए लाठियां बरसा दी। जिससे दोनों युवक बुरी तरह घायल हो गये।

मामला संज्ञान में आने के बाद भारतीय किसान यूनियन ने आज गुरूवार को थाना पिनाहट के घेराव और धरना प्रदर्शन करने को कहा है। भाकियू जिलाध्यक्ष राजवीर लवानिया ने बताया कि पुलिस इस तरह लोगों के साथ बिना बात लाठियां कैसे चला सकती है।

# सिलेंडर के धमाके से सहमे लोग

एनएनआई



**अछनेरा।** मोहल्ला शेखान में बुधवार सुबह गैस सिलेंडर लीकेज के कारण भीषण आग लगने से हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार खाना बनाते समय अचानक नए गैस सिलेंडर से गैस रिसाव होने लगा, जिसके बाद सिलेंडर ने आग पकड़ ली। धमाके जैसी आवाज सुनकर परिवार के लोग घबरा गए। आग बुझाने का प्रयास करते हुए पीड़ित रहीस का हाथ गंभीर रूप से झुलस गया। आग की लपटें देखते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और किसी तरह आग पर मदद काबू पाने में मदद की। तब तक घर में रखा फ्रिज, कूलर/पंखे, पानी की टंकी और कपड़ों सहित लगभग 40,000 रुपये का घरेलू सामान जलकर खाक हो चुका था। घटना की सूचना पर स्थानीय पुलिस और दमकल विभाग को अवगत कराया गया। फिलहाल पीड़ित रहीस का उपचार कराया जा रहा है। मोहल्ले में अचानक लगी इस आग से लोगों में दहशत का माहौल बना रहा।

# बरामदे में सो रही तीन महिलाओं पर जंगली जानवर का हमला

एनएनआई

**बाह।** बटेश्वर के बिजकौली गांव में मंगलवार आधी रात के बाद जंगली जानवर के हमले में अपने घर के बरामदे में सो रही तीन महिलाओं समेत बछिया घायल हुई थी। हमले में घायल हुई बछिया की मौत हुई है। बिजकौली गांव के रामनाथ की पत्नी विमला देवी अपने घर के बरामदे में सो रही थी। उन्होंने बताया कि सोते में जंगली जानवर ने हमला कर दिया। जिससे वह घायल हो गई। उन्होंने बताया कि जंगली जानवर का मुंह काला था, शरीर पर धारियां थी। यहां से भागे जानवर ने अपने घर के बरामदे में सो रही सीताराम उर्फ मुन्नीलाल की पत्नी शीला देवी, संजय शास्त्री की पत्नी संगीता देवी पर हमला कर दिया। जिससे दोनों का चेहरा लहुलुहान हो गया। इतना ही नहीं दरवाजे पर बंधी सुनील की भैंस की बछिया को जंगली जानवर ने काट लिया। बुधवार को उसकी मौत हो गई।

जंगली जानवर के हमले में घायल हुई महिलाओं को बटेश्वर सीएचसी पर परिजन ले पहुंचे। चिकित्सा अधिकारी डॉ. राहुल सिंह ने बताया कि जंगली जानवर के काटे जाने के 3 मरीज आए थे। उपचार, एआरवी की डोज देने के बाद तीनों को एसएन मेडीकल कॉलेज आगरा के लिए रेफर किया है। इस संबंध में पूछे जाने पर बाह के रेंजर अमित कुमार ने बताया कि हमले की जानकारी नहीं है। टीम गांव भेजी है।

# विद्युत बिल के ब्याज पर 100% छूट

एनएनआई

**किरावली।** उपभोक्ताओं को बडी राहत देते हुए विद्युत विभाग ने बिजली बिल राहत योजना-2025 की घोषणा की है, जो 1 दिसम्बर से लागू होगी, योजना अवधि तक विद्युत बिल के लेट पेमेंट ब्याज (सरचार्ज) पर 100 प्रतिशत छूट दी जाएगी, इससे लाखों उपभोक्ताओं को पुराने बकाए से मुक्ति पाने का अवसर मिलेगा, पहली बार बिल के समाधान में 25 प्रतिशत तक की छूट का प्रावधान किया गया है, साथ ही बकाया बिल और वर्तमान बिल को अलग कर दिया गया है, ताकि उपभोक्ताओं को भुगतान में अतिरिक्त सुविधा मिल सकें, बकाया बिल जमा करने वाले उपभोक्ता अपने पुराने



बिजली बिल को 500-750 की आसान किस्तों में अदा कर सकते है, विभाग ने स्पष्ट किया है कि बकाया की पूर्ण राशि जमा करने पर पूरा ब्याज माफ कर दिया जाएगा, उपभोक्ता को सीधे आर्थिक लाभ मिलेगा, इसके अतिरिक्त जिन उपभोक्ताओं पर लंबे समय से बढा हुआ बिल आ रहा था उनके लिए भी औसत बिल लेने का प्रावधान रखा गया है। यह जानकारी एसडीओ विद्युत विभाग किरावली ने दी।

## संपादकीय


# कांग्रेस के अंदर बढ़ेगा विवाद!

बिहार विधानसभा चुनाव खत्म होने के साथ ही कांग्रेस के अंदर खींचतान शुरू हो गई थी । लेकिन नतीजों के बाद इसमें और बढ़ोतरी होगी। इसका संकेत दूसरे चरण के मतदान के दिन ही दिख गया था। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉक्टर शकील अहमद ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को चिट्ठी लिख कर अपनी शिकायत बताई और पार्टी छोड़ दी। उन्होंने कांग्रेस के प्रदेश नेतृत्व पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि जो मौजूदा नेतृत्व है उसने पार्टी के तमाम नेताओं को दरकिनार किया। उन्होंने मतदान खत्म होते ही इस्तीफा भेजा और यह लिखा कि पहले इसलिए इस्तीफा नहीं दिया था क्योंकि वे नहीं चाहते थे कि पार्टी के चुनाव अभियान पर कोई निगेटिव असर पड़े.इसके बाद जो चुनाव नतीजा आया वह सबको हैरान करने वाला था। कांग्रेस छह सीटों पर सिमट गई, जबकि पिछले बार खराब प्रदर्शन के बावजूद उसे 19 सीटें मिली थीं। इस नतीजे के बाद पार्टी के एक दूसरे वरिष्ठ नेता और पूर्व सांसद व पूर्व आईपीएस अधिकारी निखिल कुमार ने पार्टी नेतृत्व पर सवाल उठाए। इनके अलावा अनेक नेता पहले से भरे बैठे हैं, जिनको पार्टी के प्रभारी कृष्णा अल्लावरू ने दरकिनार किया। उन्होंने राजेश राम को प्रदेश अध्यक्ष बनाया, जो खुद चुनाव हार गए। विधायक दल के नेता शकील अहमद खान भी चुनाव हार गए। पप्पू यादव के पूर्णिया में कांग्रेस बुरी तरह से हारी तो कन्हैया कुमार के बेगूसराय में भी बुरी तरह से हारी।कांग्रेस के नेता अपनी शिकायतों का पुलिंदा लेकर तैयार हैं। उनका कहना है कि बिना आधार वाले लोगों को प्रभारी और संगठन सौंपने से गठबंधन भी बिखरा और कांग्रेस भी बुरी तरह से हारी। बिहार विधानसभा चुनाव के नतीजों के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस में विभाजन की बात कही। उन्होंने बिहार चुनाव के नतीजों के बाद भाजपा के स्वागत कार्यक्रम में कहा कि कांग्रेस में एक और बड़ा विभाजन होगा। कांग्रेस ने इसे यह कह कर खारिज किया कि प्रधानमंत्री कांग्रेस में फूट डालने की कोशिश कर रहे हैं और पार्टी टूटने का कोई कारण अभी नहीं दिखाई दे रहा है। लेकिन प्रधानमंत्री ने एक और मनोवैज्ञानिक दांव यह चला कि कांग्रेस मुस्लिम लीगी माओवादी पार्टी होती जा रही है। इसके बाद शशि थरूर ने कहा कि कांग्रेस अब पहले से ज्यादा वामपंथी रूझान दिखाने लगी है। यह कांग्रेस को मुख्यधारा की राजनीति से अलग थलग दिखाने का एक दांव हो सकता है।ध्यान रहे कांग्रेस सबसे ज्यादा टूटने वाली पार्टी रही है। समाजवादी पार्टियों और भारतीय जनता पार्टी में भी अनेक बार टूट हुई है लेकिन कांग्रेस का मामला अलग है। भाजपा तोड़ने वाले ज्यादातर नेता असफल होते हैं और फिर पार्टी में लौटते हैं लेकिन कांग्रेस तोड़ने वाले नेताओं के सफल होने का प्रतिशत ज्यादा है। इसके अलावा कांग्रेस छोड़ कर भाजपा में जाकर सफल हो जाने वाले नेताओं की संख्या भी अब अच्छी खासी हो गई है। इसलिए कांग्रेस के किसी विभाजन की संभावना को सिरे से खारिज नहीं किया जा सकता है। लेकिन टाइमिंग क्या होगी असली सवाल वह है।अब सवाल है कि विभाजन किसी राज्य में होगा या राष्ट्रीय स्तर पर पार्टी वर्टिकल तरीके से टूटेगी या ऐसी चर्चा होती रहेगी ।कांग्रेस के एक जानकार नेता का कहना है कि जब जी 23 बना था और कांग्रेस के कई नेताओं ने नेतृत्व पर सवाल उठाए थे तब पार्टी टूटने की संभावना ज्यादा थी। अभी चर्चा इसलिए शुरू हुई है क्योंकि बिहार में कांग्रेस ने बहुत खराब प्रदर्शन किया है। उसे सिर्फ छह सीटें मिली हैं। पश्चिम बंगाल में पिछले चुनाव में पार्टी का खाता नहीं खुला। एक भी विधायक नहीं जीता फिर भी कांग्रेस पार्टी नहीं टूटी।माना जा रहा है कि कांग्रेस में अब जो नेता बचे हैं वे ज्यादातर कमिटमेंट वाले हैं या उनको उम्मीद है कि वे जिस राज्य में राजनीति करते हैं वहां कांग्रेस हमेशा एक ताकत रहेगी और उनकी राजनीति चलती रहेगी। फिर सवाल है कि किस राज्य में टूटने की ज्यादा संभावना है? ऐसे राज्यों में हरियाणा पहले नंबर पर है, जहां कांग्रेस लगातार हार रही है।कांग्रेस में राहुल गांधी के आसपास के नेताओं से पार्टी के अनेक बड़े नेता आहत हैं। बिहार में ही कृष्णा अल्लावरू के कारण लगभग सभी बड़े नेता चिढ़े हैं। ऐसे ही कर्नाटक में मुख्यमंत्री पद की आस लगाए डीके शिवकुमार की नाराजगी बढ़ रही है। छत्तीसगढ़ में टीएस सिंहदेव, पश्चिम बंगाल में अधीर रंजन चौधरी, केरल में शशि थरूर जैसे नेताओं को लेकर भी अलग अलग तरह की बातें आती रहती हैं। अगर राहुल गांधी संगठन में साथ लेकर चलने वाले लोगों को आगे नहीं करते हैं या पार्टी किसी भी कारण से जीतना शुरू नहीं करती है तो विभाजन की संभावना गहराएगी।



## राज्यसभा सांसद नवीन जैन ने प्रधानमंत्री को भेजा पत्र

# आचार्य विद्यासागर जी महाराज को मरणोपरांत 'भारत रत्न' प्रदान करने की मांग



राष्ट्र संत आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज के अविस्मरणीय आध्यात्मिक जीवन, तप, त्याग और राष्ट्र-निर्माण में उनके असाधारण योगदान को सम्मान देते हुए उत्तर प्रदेश राज्यसभा सांसद नवीन जैन ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक भावपूर्ण एवं विस्तृत पत्र भेजकर आचार्यश्री को मरणोपरांत भारत रत्न प्रदान किए जाने की मांग उठाई है।



सांसद जैन द्वारा लिखे गए पत्र में आचार्य विद्यासागर जी महाराज के व्यक्तित्व, कृतित्व और समाज सेवा को विस्तार से रेखांकित किया गया है। सांसद जैन ने लिखा कि आचार्यश्री ने 22 वर्ष की अल्पायु में दिगंबर दीक्षा ग्रहण कर स्वयं को पूरी तरह राष्ट्र, धर्म और मानव कल्याण के कार्यों में समर्पित कर दिया। कठोर तप, त्याग, संयम, अहिंसा, सत्य, अपरिग्रह और ब्रह्मचर्य जैसे सिद्धांतों का पालन करते हुए उन्होंने करोड़ों लोगों के जीवन को प्रभावित किया।

**समाज ने उन्हें सदैव वंदनीय माना— सांसद जैन**

सांसद नवीन जैन ने कहा कि आचार्य विद्यासागर जी न केवल जैन समाज, बल्कि सम्पूर्ण भारतीय समाज के लिए आदर्श और प्रेरणास्रोत रहे हैं। आजीवन उन्होंने कठिन तप, वर्षों की पैदल यात्राएँ, अद्वितीय अनुशासन और भौतिक संसाधनों से दूरी बनाकर साधना की। इन सभी कारणों से वे समस्त समाज द्वारा वंदनीय माने गए।

**50 से अधिक ग्रंथों की रचना, शिक्षाझ्रसेवाझ्रचरित्र निर्माण में अद्भुत योगदान**

अपने पत्र में सांसद जैन ने उल्लेख किया कि आचार्यश्री ने संस्कृत, प्राकृत, हिंदी, मराठी व कन्नड़ सहित विविध भाषाओं में 50 से अधिक ग्रंथों की रचना की। उनकी मूकमाटी जैसी प्रसिद्ध कृति सहित अनेक अन्य रचनाएँ अध्यात्म और मानवीय मूल्यों की अनमोल धरोहर हैं।

वे शिक्षा, स्वास्थ्य, नशा मुक्ति, पर्यावरण संरक्षण तथा चरित्र निर्माण जैसे क्षेत्रों में समाज का निरंतर मार्गदर्शन करते रहे। उनकी प्रेरणा से देशभर में सैकड़ों विद्यालय, महाविद्यालय, छात्रावास, चिकित्सालय एवं अन्य सेवा संस्थान स्थापित हुए। इसी के साथ उनके साहित्य और जीवन पर 100 से अधिक पीएचडी शोध कार्य पूरे हो चुके हैं, जो उनके प्रभाव और अध्यात्मिक विरासत को प्रमाणित करते हैं।

### प्रधानमंत्री द्वारा की गई प्रशंसा का उल्लेख

वर्ष 2023 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वयं आचार्यश्री के चरणों में नमन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया था। देह त्याग के अवसर पर अपने संदेश में प्रधानमंत्री ने राष्ट्र की अपूर्णीय क्षति का उल्लेख करते हुए कहा था कि आचार्यश्री का तप, त्याग और सेवा-कार्य विश्वभर में भारतीय अध्यात्म का ध्वज ऊँचा करते हैं। यह तथ्य यह भी दर्शाता है कि राष्ट्रसंतों और आध्यात्मिक परंपराओं के प्रति प्रधानमंत्री की श्रद्धा कितनी गहरी है।



**अंतिम समय में भी तप-उपवास जारी रखा**

सांसद जैन ने अपने पत्र में लिखा कि 18 फरवरी 2024 को आचार्यश्री ने तीन दिनों के दीर्घ उपवास और पूर्ण मौन के उपरांत शांत चित्त से देह त्याग किया, जो उनकी अपरिमित तपशक्ति और अध्यात्म की सर्वोच्च स्थिति का परिचायक है।

**भारत रत्न ही उनकी सेवाओं का सर्वोच्च सम्मान — सांसद**

सांसद जैन ने प्रधानमंत्री मोदी से आग्रह किया कि आचार्य विद्यासागर जी महाराज जैसी अद्वितीय विभूति को राष्ट्र का सर्वोच्च नागरिक सम्मान – भारत रत्न – प्रदान किया जाना चाहिए। उनका मानना है कि इससे न केवल देश बल्कि संपूर्ण विश्व में भारतीय आध्यात्मिक परंपरा और तप संस्कृति को गौरव प्राप्त होगा।

**500 से अधिक मुनियों व 1000 से अधिक आर्यिकाओं को दीक्षा — आध्यात्मिक महायज्ञ**

आचार्य श्री ने अपने अतुलनीय तप, अनुशासन और त्याग की परम्परा को आगे बढ़ाते हुए 500 से अधिक मुनियों तथा 1000 से अधिक आर्यिकाओं को दीक्षा प्रदान कर आध्यात्मिक चेतना का नया आयाम स्थापित किया। यह दिव्य आयोजन पूरे जैन समाज के लिए गर्व का क्षण बना।



# दिशा पटानी

## ने हल्की सुनहरी साड़ी में साझा की तस्वीरें, प्रशंसकों ने की तारीफ

अभिनेत्री दिशा पटानी ने हाल ही में सोशल मीडिया पर अपनी कुछ नई तस्वीरें साझा कीं, जिनमें वह हल्की सुनहरी-बेज रंग की साड़ी में नजर आ रही हैं। बरेली स्थित उनके घर के बाहर हुई गोलीबारी की घटना के बाद यह सप्ताह उनके परिवार के लिए तनावपूर्ण रहा, ऐसे में दिशा की ये तस्वीरें प्रशंसकों के लिए राहत का पल बन गईं। तस्वीरों में उन्होंने मोतियों से सजी साड़ी पहनी है, जो पारंपरिक होते हुए भी आधुनिक लुक देती है। उनका ब्लाउज कलात्मक डिजाइन वाला है, जो पूरे परिधान को आकर्षक बनाता है। हल्के मेकअप और हेयरस्टाइल के साथ दिशा का संपूर्ण लुक बेहद सादा, कोमल और सुरुचिपूर्ण दिखाई दिया। प्रशंसकों ने इन तस्वीरों को खूब सराहा और सोशल मीडिया पर उनकी तारीफ करते हुए कहा कि अभिनेत्री का यह पारंपरिक अवतार बेहद मनमोहक है।



# काजोल

## ने गोरेगांव स्थित कार्यालय नौ वर्ष के लिए रेंट पर दिया

अभिनेत्री काजोल ने गोरेगांव स्थित अपने कार्यालय को नौ वर्ष की अवधि के लिए किराए पर दे दिया है। जानकारी के अनुसार, उन्होंने यह संपत्ति 6.9 लाख रुपये मासिक किराए पर पट्टे पर दी है, जिससे लीज अवधि समाप्त होने तक लगभग 8.6 करोड़ रुपये की कुल आय होगी। यह संपत्ति 1,817 वर्ग फुट के क्षेत्र में फैली है और इसके साथ पार्किंग स्थल भी शामिल है। किराए में हर तीन वर्ष बाद 15 प्रतिशत की बढ़ोतरी तय की गई है। काम के मोर्चे पर काजोल हाल ही में वेब श्रृंखला द ट्रायल के दूसरे सीजन में नजर आईं। आगामी वर्ष में वह महारागिनि फिल्म में प्रभुदेवा और नसीरुद्दीन शाह के साथ दिखाई देंगी। अपने टॉक शो टू मच विद काजोल एंड ट्विंकल को लेकर भी अभिनेत्री चर्चा में हैं, जिसमें उनके बेबाक अंदाज को दर्शकों ने पसंद किया है।



## चिरंजीवी की क्लासिक फिल्म 'कोडामा सिंहम' 4के संस्करण में पुनः रिलीज के लिए तैयार

दक्षिण भारतीय सिनेमा के मेगास्टार चिरंजीवी की 1990 में प्रदर्शित काउबॉय-एक्शन फिल्म कोडामा सिंहम को 4के गुणवत्ता में पुनः तैयार कर 21 नवंबर को दोबारा सिनेमाघरों में रिलीज किया जा रहा है। इस खबर से प्रशंसकों में उत्साह देखा जा रहा है। फिल्म को उच्च-गुणवत्ता वाली तकनीक से रीस्टोर किया गया है, जिसमें 5.1 सराउंड साउंड भी जोड़ा गया है। प्रत्येक फ्रेम को साफ और रंग-संशोधित कर पुराने दौर की लोकप्रिय इस फिल्म को नया और प्रभावशाली रूप दिया गया है। चिरंजीवी ने फिल्म से जुड़ी अपनी यादों को साझा करते हुए बताया कि यह उनकी पसंदीदा फिल्मों में से एक है। उन्होंने कलाकार राधा, सोनम, कैकला सत्यनारायण और मोहन बाबू के साथ काम करने के अपने अनुभव भी याद किए। प्रशंसक इस पुनः रिलीज को बड़े पर्दे पर देखने के लिए उत्सुक हैं और इसे तेलुगु सिनेमा की महत्वपूर्ण फिल्मों में से एक मानते हैं।

# 'कोहली-रोहित टेस्ट क्रिकेट को बचाना चाहते थे, मगर माहौल ने बाहर किया'

### मनोज तिवारी का बड़ा आरोप

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर मनोज तिवारी ने टीम इंडिया के टेस्ट क्रिकेट सेटअप पर बड़ा बयान दिया है। तिवारी के मुताबिक विराट कोहली और रोहित शर्मा टेस्ट क्रिकेट को बचाना चाहते थे, लेकिन टीम के अंदर के खराब माहौल और अनावश्यक ट्रांजिशन की वजह से दोनों को मजबूर होकर संन्यास लेना पड़ा। दोनों दिग्गजों ने इसी साल इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की सीरीज से ठीक पहले एक सप्ताह के अंतर में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की थी।

गौतम गंभीर द्वारा दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट में हार के बाद टीम ट्रांजिशन की बात कहने पर मनोज तिवारी ने तीखी प्रतिक्रिया दी। उनका कहना है कि भारतीय क्रिकेट में ट्रांजिशन की कोई आवश्यकता ही नहीं है। तिवारी ने कहा, 'न्यूजीलैंड या जिम्बाब्वे जैसी टीमों को ट्रांजिशन चाहिए। भारत जैसे देश में, जहां घरेलू क्रिकेट में टैलेंट की लाइन लगी है, ट्रांजिशन शब्द का कोई मतलब नहीं।' उन्होंने आरोप लगाया कि 'अनावश्यक ट्रांजिशन के नाम पर विराट और रोहित जैसे खिलाड़ी, जो टेस्ट क्रिकेट की पवित्रता बनाए रखना चाहते थे, धीरे-धीरे किनारे कर दिए गए।'



#### 'कोहली-रोहित खेलना चाहते थे, मगर माहौल बिगड़ गया'

तिवारी के मुताबिक दोनों दिग्गजों का मनोबल टीम के अंदर के वातावरण ने गिराया। उन्होंने कहा कि माहौल ऐसा बनाया गया कि कोहली-रोहित जो खेलना चाहते थे, वे भी पीछे हट गए। माहौल में नकारात्मकता आने लगी। यह बयान स्वाभाविक रूप से भारतीय क्रिकेट में चल रही अंदरूनी राजनीति की ओर इशारा करता है, खासकर उस समय जब टीम दो बड़े खिलाड़ियों को एक साथ खो चुकी है।

#### कोच गंभीर पर भी तिवारी का निशाना

तिवारी ने गौतम गंभीर की आलोचना करते हुए कहा कि हार के बाद खिलाड़ियों की तकनीक पर सवाल उठाना सही नहीं है। उन्होंने कहा, 'एक कोच का काम सिखाना है, दोष देना नहीं। अगर खिलाड़ियों का डिफेंस कमजोर था, तो मैच से पहले क्यों नहीं सुधारा गया? गंभीर खुद स्पिन के अच्छे खिलाड़ी थे, उन्हें और ट्रेनिंग देनी चाहिए थी।' यह टिप्पणी गंभीर की योजनाओं और कोचिंग शैली पर सीधे सवाल खड़े करती है।

#### उल्टा पड़ा रैंक टर्नर का दांव

पहले टेस्ट में कोलकाता में हार के बाद भारत 0-1 से पीछे है। अब गुवाहाटी में होने वाले दूसरे टेस्ट में टीम को किसी भी हाल में जीत की जरूरत है, वरना लगातार दूसरी घरेलू सीरीज हाथ से निकल सकती है। पहले टेस्ट में रैंक टर्नर का दांव उलटा पड़ गया था। अब क्रिकेट जगत यह देखना चाहता है कि दूसरे टेस्ट में भारत किस तरह की पिच चुनता है।

# भारतीय मुक्केबाजों का शानदार प्रदर्शन

### निकहत-जैसमीन समेत चार अन्य खिलाड़ी फाइनल में



**ग्रेटर नोएडा।** भारतीय मुक्केबाजों ने शानदार प्रदर्शन जारी रखा जिससे निकहत जरीन और जैसमीन लंबोरिया समेत चार अन्य मुक्केबाज विश्व मुक्केबाजी कप फाइनल्स के फाइनल में पहुंच गईं। जादुमणि सिंह एम (50 किलो), पवन बर्तवाल (55 किलो), सचिन सिवाच (60 किलो) और हितेश गुलिया (70 किलो) भी खिताबी मुकाबले में पहुंच गए। भारत के 15 मुक्केबाज गुरुवार को स्वर्ण पदक का मुकाबला खेलेंगे।

कंधे की चोट के कारण एक साल बाहर रहने के बाद सितंबर में विश्व चैंपियनशिप के जरिये वापसी करने वाली दो बार की विश्व चैंपियन निकहत ने 51 किलो वर्ग में कड़े सेमीफाइनल मुकाबले में उजबेकिस्तान की जानीवा गुलसेवर को हराया। निकहत आखिरी बार 20 महीने पहले पिछले साल फरवरी में स्ट्रांजा मेमोरियल टूर्नामेंट में पोडियम तक पहुंची थीं। दिल्ली में दो साल पहले विश्व चैंपियनशिप जीतने वाली निकहत ने कहा, 'मुझे खुशी है कि पेरिस ओलंपिक के बाद मेरे पदकों का खाता खुला है। यहां से आगे ही जाना है। मैं यहीं पर विश्व चैंपियन बनी थी और आज मैने सेमीफाइनल जीता है।' निकहत का सामना अब चीनी ताइपे की गुओ यि शुआन से होगा। 57 किलो की विश्व चैंपियन जैसमीन ने पूर्व एशियाई युवा चैंपियन कजाखस्तान की उलजहां सारसेंबेक को 5-0 से हराया। इससे पहले जदुमणि ने ऑस्ट्रेलिया के उमर इजाज को पुरुषों के 50 किलो सेमीफाइनल में हराया। नीरज फोगाट (65 किलो), जुगनू (85 किलो) और सुमित कुंडू (75 किलो) टूर्नामेंट से बाहर हो गए।

# एशेज 2005: लगातार 8 सीरीज गंवाने के बाद इंग्लैंड ने चखा था जीत का स्वाद

**नई दिल्ली।** एशेज सीरीज टेस्ट क्रिकेट की सर्वाधिक रोमांचक सीरीज मानी जाती है। ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच दो साल में एक बार आयोजित होने वाली सीरीज का इंतजार दुनियाभर के क्रिकेट प्रेमियों को रहता है। 1882-83 से खेली जा रही इस सीरीज का अगला संस्करण (2025-26) पर्थ में 21 नवंबर से शुरू हो रहा है। सीरीज की शुरूआत से पहले हम एशेज 2005 पर नजर डालते हैं। इंग्लैंड ने लगातार 8 एशेज गंवाने के बाद 2005 में अपनी जमीन पर जीत दर्ज कर ऑस्ट्रेलिया के विजय रथ को रोका था। एशेज में कभी इंग्लैंड तो कभी ऑस्ट्रेलिया एक-दूसरे पर भारी पड़ती रही हैं। अक्सर दोनों देश अपनी जमीन पर दूसरे पर भारी पड़ते हैं। एशेज 1986-87 ऑस्ट्रेलिया में खेला गया था। इस सीरीज में इंग्लैंड ने 2-1 से जीत दर्ज की थी। ऑस्ट्रेलिया की धरती पर इंग्लैंड को मिली ये जीत साहसिक और यादगार थी। लेकिन इस सीरीज के बाद ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड के लिए एशेज में जीत असंभव कर दी। सीरीज ऑस्ट्रेलिया में हो या फिर इंग्लैंड में, विजेता ऑस्ट्रेलिया ही रहता था। 1989, 1990-91, 1993, 1994-95, 1997, 1998-99, 2001, 2002-03 तक लगातार 8 बार ऑस्ट्रेलिया ने एशेज सीरीज में इंग्लैंड को शिकस्त दी।



इंग्लैंड एक ऐसे कप्तान और टीम की तलाश में था, जो उसे एशेज में जीत दिलाकर उसकी खोई हुई प्रतिष्ठा वापस करा सके। यह अवसर एशेज 2005 में आया। 2005 में 5 टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए रिकी पोंटिंग की कप्तानी वाली ऑस्ट्रेलिया इंग्लैंड पहुंची। माइकल वॉन की कप्तानी वाली इंग्लैंड अपनी धरती पर एशेज का खिताब वापस पाने को व्यग्र थी। लेकिन लॉर्ड्स में खेले गए पहले टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया ने 239 रन से जीत हासिल की। इस हार के बाद एक बार फिर इंग्लैंड पर सीरीज गंवाने का खतरा मंडराने लगा। दूसरे टेस्ट में इंग्लैंड ने दमदार वापसी की और बर्मिंघम में खेले गए रोमांचक मैच में ऑस्ट्रेलिया को 2 रन से हराकर सीरीज 1-1 से बराबर कर दी। मैनचेस्टर में खेला गया तीसरा मुकाबला ड्रॉ रहा। नॉटिंघम में खेले गए चौथे टेस्ट को 3 विकेट से जीतकर इंग्लैंड ने सीरीज में 2-1 की बढ़त बना ली। द ओवल में खेला गया पांचवां टेस्ट ड्रा रहा और इसके साथ ही इंग्लैंड ने सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली। इंग्लैंड के लिए सीरीज में एंड्रयू फ्लिंटॉफ गेंद और बल्ले से हीरो बनकर उभरे।

फ्लिंटॉफ ने 402 रन बनाने के साथ ही 24 विकेट लिए। इंग्लैंड के लिए केविन पीटरसन ने 473 रन और सलामी बल्लेबाज मार्कस ट्रेस्कोथिक ने 431 रन बनाए। एंड्रयू स्ट्रॉस ने 393 और कप्तान माइल वॉन ने 326 रन बनाकर ऐतिहासिक जीत में बड़ी भूमिका निभाई। 40 विकेट लेने वाले ऑस्ट्रेलिया के शेन वॉर्न और एंड्रयू फ्लिंटॉफ प्लेयर ऑफ द सीरीज रहे थे।

## गुरुवार, 20 नवम्बर राशिफल

आज गुरुवार का दिन मेष राशि के जातकों के लिए मिलाजुला रह सकता है। आपकी राशि से आज अष्टम भाव का चंद्रमा होना आपकी चिंता को बढा सकता है। अचानक आने वाली परिस्थिति की वजह से आपको अपनी योजना में बदलाव करना पड़ सकता है।

वृश्चिक राशि आज चतुर्थ भाव में ग्रहों का संयोग कई मामलों में आपके लिए लाभदायक रह सकता है। आपको आज चतुर बुद्धि और कार्यकुशलता का फायदा मिलेगा। परिवार के सदस्यों से आप सहयोग प्राप्त कर पाएंगे। मान सम्मान भी आज आपको प्राप्त होगा।

मिथुन राशि के जातको के लिए आज का दिन लाभदायक होगा। आपको बड़ी मात्रा में धन का लाभ मिल सकता है। आपका मनोबल और आत्मविश्वास आज बढेगा। कुछ काम मं बाधा भी आ सकती है लेकिन आप संयम से स्थिति को संभालने में सफल होगे।

कर्क राशि के लोगों के लिए आज का दिन सुख सुविधाओं में वृद्धि करने वाला रहेगा। आपको आज सरकारी काम में सफलता मिलेगी आपके मान सम्मान और प्रतिष्ठा में आज वृद्धि होगी। आपको आज किसी वरिष्ठ और प्रभावशाली व्यक्ति से मिलने का भी मौका मिल सकता है।

सिंह राशि के जातको के लिए आज का दिन मिलाजुला रहेगा। आपको आज परिश्रम से सफलता मिलेगी। आर्थिक योजना भी आज आपकी सफल होगी। लेकिन आपको आज कुछ अनचाहे खर्च का भी सामना करना होगा।

कन्या राशि के लोगों के लिए आज तीसरे भाव में हो रहा चतुर्ग्रही योग मिलाजुला प्रभाव देने वाला रहेगा। आपको अपने काम पर आज पूरा फोकस करना होगा,लापरवाही से नुकसान हो सकता है। आर्थिक मामलों में आज आपको भाग्य लाभ दिलाएगा।

तुला राशि के लिए आज सितारे बताते हैं कि आपको आज नौकरी में साथी सहकर्मी से सहयोग मिलेगा। आर्थिक मामलों में चल रही परेशानियां दूर हो सकती है। कोई चाहत पूरी होने की खुशी होगी। लेकिन संतान संबंधी विषयों को लेकर आज आपको चिंता हो सकती है।

वृश्चिक राशि के लोगों के लिए आज का दिन मिश्रित रहने वाला है। आज परिस्थिति ऐसी बन सकती है जिससे आपको अपनी योजना में बदलाव करना पड़ सकता है। कामकाज को ध्यान से करना होगा नहीं तो आपका काम अटक सकता है।

धनु राशि के जातकों के लिए आज गुरुवार का दिन मिलाजुला रहेगा। आपको आज आर्थिक मामलों में संभलकर चलना होगा। यात्रा और वाहन पर धन खर्च का संयोग बना हुआ है। परिवार से वैसे आपको आज सहयोग मिलेगा।

मकर राशि के जातको के लिए आज गुरुवार का दिन लाभदायक रहेगा। आपके सितारे बता रहे हैं आज आपकी राशि से ग्यारहवें भाव में बना शुभ योग आपको लाभ दिलाएगा। आपका पहले का किया काम भी आपको फायदा दिला सकता है।

कुंभ राशि के जातको के लिए आज का दिन लाभदायक रहेगा। आपको आज भाग्य कई मामलों में लाभ दिलाएगा। व्यापार और काम के सिलसिले में आज आप यात्रा पर भी जा सकते है। विदेश से व्यापार करने वाले जातकों को आज कोई शुभ समाचार मिल सकता है।

मीन राशि के लिए आज का दिन मिलाजुला रहने वाला है। आपको आज धैर्य और संयम से काम लेना होगा। नौकरीपेशा जातकों पर आज काम का अधिक दबाव बना रहेगा। कोई काम आपका आज अटक भी सकता है इसलिए योजना बनाकर आपको काम करना होगा।



डॉ. शिल्पा जैन
(एस्ट्रोलॉजर)
मो. 942560752

# भारत माता की जयकारों के साथ पदयात्रा में राष्ट्र भावना का दिया संदेश

### सरदार पटेल जयंती समारोह पर निकली पदयात्रा ने दिया राष्ट्रीय एकता का संदेश

- सरदार वल्लभभाई पटेल की आकर्षक झांकी , बैंड बाजे के साथ कार्यकर्ताओं ने लिया एकता का संकल्प

एनएनआई



**आगरा।** सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती समारोह के अवसर पर भाजपा दक्षिण विधानसभा के अंतर्गत कैबिनेट मंत्री योगेंद्र उपाध्याय के नेतृत्व में रन फॉर यूनिटी एवं एकता पदयात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक रहे। नूरी दरवाजा स्थित सरदार भगत सिंह की प्रतिमा स्थल से पदयात्रा का शुभारंभ हुआ। उत्तर प्रदेश सरकार के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय भाजपा महानगर अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता ने हजारों कार्यकर्ताओं के साथ सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। पदयात्रा में कार्यकर्ताओं के साथ एनसीसी कैडेट समाजसेवी और स्थानीय नागरिक सम्मिलित हुए। नूरी दरवाजे से शुरू हुई एकता पदयात्रा का जगह-जगह पुष्पवर्षा कर यात्रियों का स्वागत किया गया। दक्षिण विधानसभा की विशाल रन फॉर यूनिटी पदयात्रा में सरदार वल्लभभाई पटेल की अलौकिक झांकी के साथ बैंड बाजा की ध्वनि पर राष्ट्र गीतों ने वातावरण को राष्ट्रीय भक्ति से सराबोर कर दिया। नूरी दरवाजा भगत सिंह मूर्ति से प्रारंभ होकर पदयात्रा पुरानी इमरजेंसी हॉस्पिटल रोड होती हुई घटिया रोड से विक्टोरिया इंटर कॉलेज खटीक पाड़ा क्षेत्र में भ्रमण करती हुई पुनः नूरी दरवाजा पहुंची, जहां यह एक सभा में परिवर्तित हो गई। इस यात्रा में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और स्थानीय लोग शामिल हुए, जिनका जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। सभा को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा सरदार पटेल ने जो एकता और अखंडता का संदेश दिया था वह आज भी हम सबके लिए प्रेरणा है। सरदार पटेल राष्ट्रीय एकता के प्रतीक हैं उन्होंने राष्ट्र को एक सूत्र में बांधने का अद्भुत प्रयास किया। उन्होंने 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' का जिक्र करते हुए कहा कि यह दुनिया की सबसे ऊंची प्रतिमा है, जिसका निर्माण भारत के प्रत्येक नागरिक के सहयोग से संभव हुआ। उन्होंने इसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दिया। भाजपा दक्षिण विधानसभा द्वारा आयोजित रन फॉर यूनिटी एकता पदयात्रा में भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ता और स्थानी लोगों के साथ सैकड़ो की तादाद में एनसीसी कैडेट्स ने भाग लिया। भाजपा दक्षिण विधानसभा की एकता पदयात्रा में प्रमुख रूप से कार्यक्रम आयोजन उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री योगेंद्र उपाध्याय कार्यक्रम के अतिथि डिप्टी सीएम बृजेश पाठक , भाजपा महानगर अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता, यात्रा संयोजक टीएन अग्रवाल, यात्रा प्रभारी ओम प्रकाश सागर, डॉ अलौकिक उपाध्याय, प्रमोद गुप्ता, पूर्व सांसद प्रभु दयाल कठेरिया, इंद्रजीत आर्य, गुटियारी लाल दुबेश, डॉ रामबाबू हरित, मंडल अध्यक्ष देवेश पचौरी, राजू कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

# विश्वविद्यालय के भीतर छिपी कला को मिली पहचान

- जरदोजी कला में नई उड़ान – शमीम बानो के मार्गदर्शन में सात दिवसीय कार्यशाला संपन्न, अब बढ़ेगी और 7 दिन



एनएनआई

**आगरा।** डॉ. भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय के गृह विज्ञान संस्थान के महिला अध्ययन केंद्र में आयोजित सात दिवसीय जरदोजी कढ़ाई कार्यशाला का सातवां दिन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस कार्यशाला की प्रेरणा स्रोत विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर आशु रानी रहीं, जिन्होंने अपने कार्यालय में कार्यरत 2011 से सेवापरत एक फोर्थ-क्लास कर्मचारी – शमीम बानो के असाधारण हुनर को पहचान कर उसे मंच प्रदान करने का महत्वपूर्ण कदम उठाया।

प्रो. आशु रानी ने बताया कि शमीम बानो वर्षों से अपने कार्य के साथ-साथ पारंपरिक कढ़ाई का विशिष्ट कौशल रखती हैं, परंतु आर्थिक परिस्थितियों के कारण उनका हुनर सीमित दायरे तक ही रह गया था। प्रतिभा को पहचानते हुए कुलपति ने उन्हें प्रशिक्षक के रूप में आगे बढ़ाने का निर्णय लिया और यह सात दिवसीय कार्यशाला आयोजित करवाई, जिससे उनकी कला अधिक से अधिक छात्राओं और महिलाओं तक पहुंच सके और वह स्वयं भी सशक्त बनें।

शमीम बानो के कहना है की छात्रों को सिखाना उन्हें बहुत भाता है. आभार करते हुए उन्होंने बताया की कुलपति की नजर ने उनकी जिन्दगी बदली और अब उन्हें विश्वविद्यालय ही नहीं बाहर भी सब लोग पहचानते और तारीफ करते हैं. कुलपति जी ने साधारण सी कर्मचारी की कला को पहचान कर बनी आगे बढ़ने की प्रेरणा दी है. कार्यक्रम का आयोजन प्रो. अचला गक्खड़ द्वारा डॉ. संघमित्रा गौतम एवं डॉ. अनुपमा गुप्ता द्वारा संचालित कराया गया।

# मरीजों और तीमारदारों के लिए बढ़ायें सुविधायें: उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक



- उप मुख्यमंत्री ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का किया निरीक्षण

एनएनआई

**आगरा।** उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने अर्जुन नगर स्थित नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, शाहगंज द्वितीय का निरीक्षण किया। उपमुख्यमंत्री ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, शाहगंज द्वितीय का निरीक्षण कर भर्ती मरीजों व उनके तीमारदारों से उपलब्ध इलाज व सुविधाओं के बारे में जानकारी ली तथा दवाओं का स्टॉक तथा प्रतिदिन आने वाले मरीजों की दर्ज संख्या को स्वयं रजिस्टर व कम्प्यूटर में अंकित संख्या का मिलान किया। एमओआईसी ने बताया कि केन्द्र पर प्रतिदिन 50 से 60 मरीज आते हैं, उपमुख्यमंत्री ने दवाओं के स्टॉक को भी रजिस्टर से मिलान किया, जो सही पाये गये, तत्पश्चात सभी एमओआईसी के साथ समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। उपमुख्यमंत्री महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी एमओआईसी सर्वप्रथम समय से सीएचसी/पीएचसी पर पहुंचे तत्पश्चात क्षेत्र भ्रमण करें। उन्होंने सभी अस्पतालों में डाक्टरों की उपलब्धता, ऑपरेशन थिएटर, सीजेरियन आदि के बारे में जानकारी ली तथा जनप्रतिनिधियों से सम्पर्क कर, स्वास्थ्य विभाग के कैम्प लगाने, आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधायें देने के निर्देश दिए। बैठक में जिला अस्पताल, लेडी लॉयल के प्रभारियों से रोगी कल्याण निधि के बारे में जानकारी ली, जिसमें बताया गया कि जिला अस्पताल में रोगी कल्याण निधि में 30 लाख रुपए की धनराशि उपलब्ध है। बैठक में उपमुख्यमंत्री ने सभी एमओआईसी से बाहरी दवाएं न लिखने के कड़े निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार सभी दवाएं उपलब्ध करा रही है, उन्होंने सभी सीएचसी/पीएचसी पर जनरेटर की उपलब्धता सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए, जिला अस्पताल में क्रिटिकल यूनिट के बारे में जानकारी ली तथा सम्बन्धित को नोटिस देने के निर्देश दिए।

# शहर की सड़कों पर दौड़ेंगे पिंक ऑटो रिक्शा

### महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वालम्बन के लिए मिशन शक्ति फेज – 3

- मेट्रो शहर के प्रमुख 10 फीडर रूट पर चलायेगा सीएनजी वाहन
- पैदल यात्रियों को मेट्रो स्टेशन से उनके पहले व अंतिम गंतव्य तक मिलेगी कनेक्टिविटी सुविधा

एनएनआई




**आगरा।** मंडलायुक्त महोदय शैलेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में संभागीय परिवहन प्राधिकरण, आगरा की बैठक आयुक्त सभागार में संपन्न हुई। बैठक में सर्वप्रथम मंडलायुक्त द्वारा प्राधिकरण की विगत बैठक में लिए गए निर्णय पर की गई कार्यवाही की अनुपालन आख्या तलब की गई जिसमें बताया गया कि विगत बैठक में दिए निदेशों का अनुपालन सुनिश्चित किया गया है।

मंडलायुक्त के समक्ष प्राधिकरण द्वारा महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वालम्बन के लिए मिशन शक्ति फेज - 3 के अन्तर्गत महिलाओं हेतु पिंक ऑटो रिक्शा के परमिट स्वीकृत किए जाने का प्रस्ताव रखा गया। पिंक ऑटो रिक्शा में जीपीएस और पैनिक बटन लगा होगा जो पुलिस थाने से लिंक होगा। महिला चालकों को जहां सेफ ड्राइविंग के लिए परिवहन विभाग द्वारा तीन दिवसीय प्रशिक्षण दिया जाएगा तो वहीं आगरा में आने वाले देशी - विदेशी पर्यटकों को गाइड करने हेतु पर्यटन विभाग और होटल एसोसिएशन द्वारा सात दिवसीय निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा, साथ ही फोरेन टूरिस्ट फेसिलिटेशन के तहत पिंक ऑटो रिक्शा को होटलों में फ्री पार्किंग के रूप में सहयोग किया जाएगा। सभी एतिहासिक स्मारकों को जोड़ने वाले रूट पर भी पिंक ऑटो रिक्शा चलाये जाने की स्वीकृति मिलेगी।

इस प्रस्ताव को लेकर बैठक में मौजूद होटल एसोसिएशन के जुड़े लोगों द्वारा भी कई अहम सुझाव रखे गये जिस पर विचार करने के बाद मण्डल आयुक्त द्वारा इस प्रस्ताव को सैद्धान्तिक सहमति प्रदान की गयी। इस प्रस्ताव के तहत पिंक ऑटो रिक्शा के कुल 100 परमिट जारी किए जाने हैं, जिसमें महोदय द्वारा पहले चरण में 50 परमिट जारी करने के निर्देश दिए गये। वहीं कैंट रेलवे स्टेशन की पार्किंग में भी पिंक ऑटो रिक्शा की पार्किंग की सुविधा प्रदान किए जाने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों से समन्वय करने के निर्देश दिए।

बैठक में सम्भाग के अराष्ट्रीयकृत निजी बस मार्गों पर स्थायी सवारी गाड़ी परमिटों हेतु प्राप्त प्रार्थना पत्रों पर विचार किया गया। मैनपुरी से इटावा वाया करहल, किरतपुर, गांगसी, कुचैला मार्ग पर 13 आवेदन और एटा-मैनपुरी वाया सकीट-बेवर-अलीगंज मार्ग पर 1 आवेदन आये। आवेदनों पर विचार करने के उपरान्त मण्डल आयुक्त महोदय द्वारा नियमानुसार आवेदनों को स्वीकृति दिए जाने के निर्देश दिए गये।